हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 165, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 15 दिसम्बर, 2023 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

## कांग्रेस के 14 सांसद लोकसभा से निलंबित

### गलत बर्ताव के चलते हुई कार्रवाई, हनुमान बेनीवाल ने स्पीकर के पोडियम पर चढ़ने की कोशिश की



नई दिल्ली। लोकसभा में गुरुवार को एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें कांग्रेस के 14 सांसदों को बाकी शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया गया है। कांग्रेस सांसदों के खिलाफ सदन की कार्यवाही बाधित करने के आरोप में यह कार्रवाई की गई। इससे पहले पांच सांसदों को निलंबित किया गया था और अब नौ और सांसदों को भी निलंबित कर दिया गया है।

**इन सांसदों को किया गया निलंबित**- संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद जोशी ने लोकसभा में एक प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव में गलत बर्ताव के चलते पांच सदस्यों टीएन प्रथापन, हीबी एडेन, जोथिमनी, राम्या हरिदास और डीन कुरियाकोस को निलंबित किया गया। इस दौरान बी महताब सदन की अध्यक्षता कर रहे थे। इसके बाद विपक्षी सासंदों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस पर स्पीकर बी महताब ने कांग्रेस के नौ अन्य सांसदों को भी निलंबित कर दिया। इनमें बेनी बेहानान, वीके श्रीधरन, मोहम्मद जावेद, पीआर नटराजन, कनिमोई करुणानिधि, के सुब्रमण्यन, एसआर पारथीबान, एस वेंकटेशन और मणिकम टैगोर के नाम शामिल हैं।

संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर लोकसभा में गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ। विपक्षी सांसदों ने खूब नारेबाजी की। इसी दौरान राजस्थान से आरएलपी पार्टी के सांसद हनुमान बेनीवाल ने लोकसभा की कार्यवाही के दौरान स्पीकर के पोडियम पर चढ़ने की कोशिश की। नारेबाजी करते हुए विपक्षी सांसद वेल में आ गए। विपक्षी सांसदों की मांग थी कि अमित शाह इस मुद्दे पर सदन में आकर बयान दें।

### फरार आरोपी ललित झा की राजस्थान में मिली आखिरी लोकेशन, अन्य से पूछताछ जारी

नई दिल्ली। संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले का फरार आरोपी ललित झा को आखिरी बार राजस्थान के निमराना में ट्रेस किया गया है। पुलिस सुत्रों के अनुसार इस मामले में अबतक चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दो आरोपियों विकी और उसकी पत्नी से पूछताछ जारी है। पुलिस और एजेंसियां इस मामले में दो अन्य संदिग्धों की तलाश कर रही है। सूत्रों ने बताया कि आरोपियों का अभी तक किसी भी संगठन से जुड़े होने की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। आरोपी सागर शर्मा और मनोरंजन ने संसद भवन में जाने के लिए पास का इंतजाम किया था। पुलिस ने बताया कि ये सभी आरोपी सोशल मीडिया ग्रुप भगत सिंह फैन क्लब से जुड़े हुए थे। पुलिस सूत्र के अनुसार, सभी आरोपी डेढ़ साल पहले मैसूरु में मिले थे। सागर लखनऊ से जुलाई में दिल्ली आया था, लेकिन संसद भवन में प्रवेश नहीं कर सका था।

### विकास में पिछड़ता जा रहा यूपी, निवेश प्रस्ताव का दावा पर नहीं लगा कोई उद्योग : अखिलेश यादव

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में विकास के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश लगातार पिछड़ता जा रहा है। सरकार के पास न तो प्रदेश की प्रगति का कोई दृष्टिकोण है और न ही इच्छाशक्ति। सात वर्षों से लगातार सत्ता में रहने के बावजूद भाजपा सरकार ने अब तक जनहित में एक भी काम नहीं किया है। अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि प्रदेश के विकास के लिए निवेशक सम्मेलन की नींव सपा सरकार में रखी गई थी। तब लखनऊ के चकगंजरिया में आईटी हब बना। एचसीएल कंपनी के साथ अन्य आईटी कंपनियां भी यहां काम कर रही हैं। अमूल दूध का प्लांट लगा। नौजवानों को तमाम नौकरियां मिलीं, अनेक फिल्म निमार्ता प्रदेश में आए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती जा रही है। जो उद्योगपति आना चाहते थे, वे भी नहीं आ रहे हैं। भाजपा सरकार ने दावा किया कि प्रदेश में 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव मिले, लेकिन अभी तक कहीं एक भी उद्योग नहीं लगा। उद्यमियों को प्रोजेक्ट स्थापित करने के लिए सरकार भूमि नहीं दे पा रही है। विभिन्न विभाग एनओसी देने में खूब परेशान कर रहे हैं। भाजपा सरकार अपने बजट का 60 प्रतिशत पैसा भी खर्च नहीं कर पाई है।

## आजमगढ़ में गरजे सीएम : बोले- 'ऐसा लगे नारा की दिल्ली तक पहुंचे आवाज




आजमगढ़। सीएम योगी आदित्यनाथ का गुरुवार को आजमगढ़ पहुंचे। आजमगढ़ में सीएम योगी आदित्यनाथ ने विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन का शुभारंभ किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने संबोधन के दौरान कहा, कभी आजमगढ़ के नाम से कांपती थी पूरी दुनिया ऐसा लगे नारा की दिल्ली तक आवाज पहुंचे। उक्त बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने संबोधन के दौरान उस समय कही जब उनके द्वारा लगाए गए नारे पर लोगों की धीमी आवाज रही। उन्होंने कहा कि किसी ने नहीं सोचा था कि करीब दस वर्ष के अंदर देश में इतना परिवर्तन देखने को मिलेगा। आज पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बड़ा है। भारत संकल्प यात्रा के ऊपर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ जिन लोगों को अभी तक नहीं मिल सका है, उन्हें उनका लाभ देने के लिए इस विकसित भारत यात्रा का आयोजन किया गया है। इसके लिए 536 वीडियो वाइन चल रही हैं। जो योजनाओं का लाभ पाने से वंचित लोगों का आवेदन कराकर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाएंगे। किसी ने नहीं सोचा था की चार करोड लोगों के घर बनेंगे। जिसमें 55 लाख घर सिर्फ उत्तर प्रदेश में बने हैं। 50 करोड लोगों का आयुष्मान कार्ड पूरे देश में बनाया गया है। जिसमें सिर्फ उत्तर प्रदेश में 10 करोड लोगों को इसका लाभ मिला है। अन्य योजना के तहत देश में 80 करोड लोगों को फ्री में राशन दिया जा रहा है। करोड़ों लोगों को प्रदेश में राशन मिल आजमगढ़ का भाग्योदय हुआ है कि भोजपुरी के एक अच्छे कलाकार को उन्होंने अपना सांसद चुना है तो जनपद में भी विकास दिखने लगा है। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्ष तक प्रदेश की जनता को मुफ्त राशन दिया जाएगा। कहा कि आजमगढ़ में कई विकास के कार्य किया जा रहे हैं जिसने कभी सोचा तक नहीं था। आजमगढ़ में महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय बनाया जा रहा है, जिसका जनवरी 2024 में उद्घाटन किया जाएगा। कभी किसी ने नहीं सोचा था कि आजमगढ़ में संगीत महाविद्यालय बनेगा। कभी किसी ने नहीं सोचा था कि आजमगढ़ में एयरपोर्ट बनेगा लेकिन हमारी डबल इंजन की सरकार ने इसे कर दिखाया। सीएम ने कहा कि सबसे बड़ी जाति गरीब जाति है, उसे हर योजना का लाभ मिलना चाहिए। कहा कि आजमगढ़ में अब आतंक नहीं बल्कि सुंदर स्वर लहरिया गूंजेंगी। 2047 में भारत को विकसित देश बनाने की मोदी की गारंटी है।

## संसद भवन में सुरक्षा चूक के एक दिन बाद कड़ा पहरा, मेघालय के सीएम को भी रोका गया

नई दिल्ली। संसद सुरक्षा उल्लंघन के एक दिन बाद गुरुवार को संसद भवन के भीतर और उसके आसपास कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था की गई। पुलिस और संसद के सुरक्षाकर्मी बिना जांच किए किसी को भी अंदर जाने की इजाजत नहीं दे रहे हैं। संसद परिसर से कुछ ही मीटर दूर परिवहन भवन के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मी किसी को भी बैरिकेड से आगे जाने की इजाजत नहीं दी। वे लोगों के पहचान पत्र देखने के बाद ही उन्हें अंदर जाने की इजाजत दे रहे हैं। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा को इमारत के मकर द्वार से अंदर जाने की इजाजत नहीं दी गई, जिसके बाद वह अपनी कार से बाहर निकले और शार्दुल द्वार से इमारत के अंदर गए। संसद भवन के सदस्यों के वाहन चालकों को बिना पहचान पत्र के अंदर जाने की इजाजत नहीं दी गई है। संसद भवन के बाहर मीडियाकर्मियों से भी पहचान पत्र मांगे गए। संसद भवन की सुरक्षा में चूक के बाद नए भवन के मकर द्वार को सभी के लिए फिलहाल प्रतिबंधित कर दिया गया है। वहीं मीडिया को पुराने संसद भवन के गेट 12 के लॉन में स्थानांतरित किया गया है। यह घटना बुधवार दोपहर एक बजकर एक मिनट पर हुई। लोकसभा में पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल शून्य काल की कार्यवाही को संचालित कर रहे थे। मालदा उत्तर से भाजपा सांसद खगेन मुर्मू अपनी बात रख रहे थे। तभी दो शख्स दर्शक दीर्घा से नीचे कूद गए। नीले रंग की जैकेट पहना एक शख्स सांसदों की सीट पर कूदने लगा। वह लगभग तीन कतार लांघकर आसन की तरफ जाने लगा। अफरा-तफरी के माहौल के बीच कुछ सांसदों ने हिम्मत दिखाकर उसे घेर लिया। मार्शल भी दौड़कर आ गए। तभी उस युवक ने जूते के अंदर से कुछ पदार्थ निकाला। इसके बाद वहां पीले रंग का धुआं उठने लगा। बाद में सांसदों और मार्शलों ने मिलकर दोनों को पकड़ लिया। इसके बाद पीठासीन अधिकारी ने कार्यवाही स्थगित कर दी। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120 बी, 453, 153, 186, 353 और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की की धारा 16 और 18 के तहत मामला दर्ज किया गया है।




### विशाखापट्टनम के इंडस अस्पताल में लगी भीषण आग, 50 से अधिक मरीजों को किया गया ट्रांसफर



विशाखापट्टनम। विशाखापत्तनम के इंडस अस्पताल में गुरुवार को आग लग गई। आग लगने के बाद अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। मरीजों और अस्पताल के स्टाफ के बीच डर का मौहाल पैदा हो गया। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की चार गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची और अग्निशमन कर्मी, पुलिस और अन्य बचाव दल बचाव कार्य में जुट गए। लगभग 50 मरीजों को अन्य अस्पतालों में ट्रांसफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक, आग जगदंबा सर्कल स्थित अस्पताल की पहली मंजिल से शुरू हुई। आग लगने की वजह शॉर्ट-सर्किट बताई जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और निकासी एवं बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। विशाखापत्तनम के इंडस हॉस्पिटल में दोपहर करीब 12 बजे आग लग गई। वहां करीब 50-70 मरीज थे। हमने उन सभी को बाहर निकाल लिया है। वहां कोई नहीं है। कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। आग लगने के कारण एक समाचार एजेंसी ने पुलिस आयुक्त (सीपी), रविशंकर अय्यनार के हवाले से कहा, "ऐसा लगता है कि आग ऑपरेशन थिएटर से फैली है।

## पूर्व सांसद अफजाल अंसारी को बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने दोषसिद्धि पर लगाई रोक!

प्रखर गाजीपुर/दिल्ली। गैंगस्टर मामले में हुई 4 साल की सजा के बाद संसद की सदस्यता गंवा चुके बीएसपी के पूर्व सांसद अफजाल अंसारी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने अफजाल अंसारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए

### गाजीपुर सीट पर नहीं होगा उपचुनाव

दोषसिद्धि पर अंतरिम रोक लगा दी है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा हाई कोर्ट से 30 जून 2024 तक मामले में फैसला देने के लिए कहा है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि गाजीपुर सीट पर फिलहाल उपचुनाव नहीं होगा तथा अब वे एमपी लैड स्कीम के तहत मिलने वाले पैसे का इस्तेमाल कर सकते हैं। गौरतलब है कि अफजाल अंसारी, मुख्तार अंसारी के भाई हैं। अफजाल अंसारी ने



अपनी याचिका में साल 2007 के गैंगस्टर एक्ट मामले में अपनी दोषसिद्धि को निलंबित करने की मांग सुप्रीम कोर्ट से की थी। वहीं, अफजाल अंसारी ने राहुल गांधी के मामले का हवाला देते हुए अपनी भी दोषसिद्धि पर रोक लगाने की मांग की थी।याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान पूर्व सांसद अंसारी की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि कोर्ट को मामले के हर पहलू को देखना चाहिए, क्योंकि अगर उनकी दोषसिद्धि को निलंबित नहीं किया गया तो, उनका गाजीपुर निर्वाचन क्षेत्र लोकसभा में प्रतिनिधित्वहीन हो जाएगा। अफजाल अंसारी संसद की विभिन्न स्थाई समितियों के सदस्य थे, जब वे सांसद नहीं रहेंगे तो वहां वह अपना योगदान नहीं दे पाएंगे। गौरतलब है कि गाजीपुर की विशेष एमपी/एमएलए अदालत ने इसी साल 29 अप्रैल को अफजाल अंसारी और उनके भाई मुख्तार अंसारी को 2007 के गैंगस्टर एक्ट मामले में दोषी ठहराया था।

## 'पुरानी पेंशन योजना पर बजट सत्र से पहले लिया जाएगा फैसला', महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री का बयान

मुंबई। महाराष्ट्र में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को बहाल करने की मांग कर रहे सरकारी कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। यहां के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नेआश्वासन दिया है कि आगामी बजट सत्र से पहले इस बारे में निर्णय ले लिया जाएगा। बता दें, राज्य विधानसभा का बजट सत्र सामान्य तौर पर हर साल फरवरी-मार्च में होता है। नागपुर में विधान भवन परिसर में पत्रकारों को पवार ने ओपीएस की मांग कर रहे सरकारी कर्मचारियों के प्रतिनिधियों से हुई बातचीत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार को इस मांग पर विचार करने के लिए गठित समिति की रिपोर्ट मिल गई है। महाराष्ट्र में अनेक सरकारी और अर्द्ध-सरकारी कर्मचारी ओपीएस को बहाल करने की मांग कर रहे हैं, जिसे राज्य में 2005 में बंद कर दिया गया था। ओपीएस के तहत सरकारी कर्मचारी को उसके अंतिम वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर मासिक पेंशन मिलती थी। तब इसमें कर्मचारियों की ओर से अंशदान की जरूरत नहीं होती थी। नई पेंशन योजना के तहत राज्य सरकार के कर्मचारी अपने मूल वेतन और महंगाई भत्ते के 10



प्रतिशत का अंशदान देते हैं और इतनी ही हिस्सेदारी सरकार की ओर से होती है। इस धन का निवेश पेंशन निधि नियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत अनेक पेंशन फंड में किया जाता है और यह धन बाजार से जुड़ा होता है। पवार ने कहा कि वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी कर्मचारी नेताओं से बात करेंगे।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह विवाद : इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, शाही ईदगाह मस्जिद का सर्वे कराने के विचार पर मंजूरी

प्रयागराज। मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह प्रकरण को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सर्वे करने की मंजूरी दे दी है। एक तरफ हिंदू पक्ष की याचिका को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। वहीं दूसरी तरफ ईदगाह कमेटी और वक्फ बोर्ड की दलीलों को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इससे पहले हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने पक्षों को सुनने के बाद 16 नवंबर को आदेश सुरक्षित रख लिया था। जन्मभूमि-ईदगाह प्रकरण में हाईकोर्ट ने 16 नवंबर को हुई सुनवाई के बाद सभी 18 केसों से संबंधित वादकारी और प्रतिवादियों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने का आदेश दिया था। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया था कि सेशन कोर्ट में दाखिल 18 वादों की फाइलों को हाईकोर्ट ने अपने अधीन सुनवाई के लिए ले रखा है। उन्होंने आरोप लगाया था कि ईदगाह पक्ष जन्मभूमि की स्थापत्य कला के साथ खिलवाड़ कर सबूतों को नष्ट कर रहा है। इससे पहले ही साक्ष्य नष्ट कर दिए जाएं, हाईकोर्ट से मांग की जाएगी कि ज्ञानवापी की तर्ज पर जन्मभूमि का भी सर्वे कराने का आदेश देने की कोर्ट से अपील की जाएगी। शाही ईदगाह मस्जिद मथुरा शहर में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर परिसर से सटी



हुई है। 12 अक्तूबर 1968 को श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान ने शाही मस्जिद ईदगाह ट्रस्ट के साथ एक समझौता किया। समझौते में 13.37 एकड़ जमीन पर मंदिर और मस्जिद दोनों के बने रहने की बात है। पूरा विवाद इसी 13.37 एकड़ जमीन को लेकर है। इस जमीन में से 10.9 एकड़ जमीन श्रीकृष्ण जन्मस्थान और 2.5 एकड़ जमीन शाही ईदगाह मस्जिद के पास है। इस समझौते में मुस्लिम पक्ष ने मंदिर के लिए अपने कब्जे की कुछ जगह छोड़ी और मुस्लिम पक्ष को बदले में पास में ही कुछ जगह दी गई थी। अब हिन्दू पक्ष पूरी 13.37 एकड़ जमीन पर कब्जे की मांग कर रहा है।

**ये है श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह का इतिहास**- ऐसा कहा जाता है कि औरंगजेब ने श्रीकृष्ण जन्म स्थली पर बने प्राचीन केशवनाथ मंदिर को नष्ट करके उसी जगह 1669-70 में शाही ईदगाह मस्जिद का निर्माण कराया था। 1770 में गोवर्धन में मुगलों और मराठाओं में जंग हुई। इसमें मराठा जीते। जीत के बाद मराठाओं ने फिर से मंदिर का निर्माण कराया। 1935 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 13.37 एकड़ की भूमि बनारस के राजा कृष्ण दास को आवंटित कर दी। 1951 में श्री कृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट ने ये भूमि अधिग्रहीत कर ली।

## पिता को याद कर भावुक हुए सांसद वरुण गांधी, एक्स पर शेयर किया वीडियो, बताया असाधारण शक्ति

पीलीभीत। पीलीभीत लोकसभा सीट से भाजपा सांसद वरुण गांधी ने अपने पिता संजय गांधी के जन्मदिन पर बृहस्पतिवार को भावुक पोस्ट किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें संजय गांधी लोगों के बीच नजर आ रहे हैं। वरुण गांधी ने लिखा कि वह (संजय गांधी) असाधारण शक्ति, दूरदर्शिता और जीवटता वाले व्यक्ति थे। बता दें कि संजय गांधी का 14 दिसंबर 1946 में जन्म हुआ था। 23 जून 1980 को उनका निधन हो गया था। पिता के 77वें जन्मदिन पर वरुण गांधी ने भावुक पोस्ट कर लिखा, 'मेरे पिता की मृत्यु तब हो गई जब वो महज 33 वर्ष के थे। वह एक असाधारण शक्ति, दूरदर्शिता और जीवटता वाले व्यक्ति थे। आज, उनकी 77वीं जयंती है। मैं मातृभूमि के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को सलाम करता हूं और भारत को उनके सपनों का देश बनाने के लिए उनके अटूट समर्पण और अथक प्रयासों को सलाम करता हूं। और मैं उनके अधूरे मिशन को हासिल करने का प्रयास करने का संकल्प लेता हूं...जय हिंद जय भारत'। सांसद वरुण गांधी अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। वह पार्टी लाइन से हटकर मुखर होकर बोलते हैं। बताया जाता है कि उनके पिता संजय गांधी भी हर मुद्दे पर मुखर होकर बोलते थे।



## संपादकीय

# संसद सुरक्षा में चूक

यह चौंकाने वाला संयोग था कि नई संसद की लोकसभा दीर्घा से दो संदिग्ध लोगों के कूदने वाली घटना उस दिन सामने आयी, जिस दिन देश संसद पर 22 साल पहले हुए हमले के शहीदों को याद कर रहा था। सुबह विधिवत श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करके उन शहीदों का भावपूर्ण स्मरण किया गया, जिन्होंने हमारी संसद व सांसदों की रक्षा के लिये अपना बलिदान दिया। बाकायदा प्रधानमंत्री व अन्य मुख्य विपक्षी नेता इस कार्यक्रम में शामिल हुए। फिर दोपहर में जब शून्यकाल समाप्ति की ओर था, अचानक दो युवक लोकसभा की दर्शक दीर्घा से कूदे। वे कुछ नारे लगा रहे थे और उन्होंने जूते में छिपाकर लाए गए रंगीन गैस निकालने वाले पात्र को खोलकर सांसदों को सांसत में डाल दिया। जाहिर है सांसदों में अफरा-तफरी मचनी ही थी। आशंका थी कि उनके पास कोई घातक हथियार न हो। कालांतर आवेश में आकर सांसदों ने उनकी पिटाई भी की। इसी बीच संसद के बाहर भी एक युवती व उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया गया, जो नारेबाजी कर रही थी और एक पीले रंग का धुआं फैला रही थी। निस्संदेह, यह घटना संसद व सांसदों की सुरक्षा में एक चूक थी। यूं तो 2001 के आतंकी हमले के बाद संसद के सुरक्षा तंत्र में आमूल-चूल परिवर्तन किये गए हैं, लेकिन लगता है संसद का आंतरिक सुरक्षा तंत्र इस तरह की घटना के लिये तैयार नहीं था। कूदने वाले युवकों के नाम सागर व मनोरंजन बताए गए। सागर मैसूर की एक यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग कर चुका बताया जाता है, जो वहां के सांसद से मिले अतिथि पास के जरिये लोकसभा की दीर्घा तक पहुंचा था। दूसरा व्यक्ति भी मैसूर का ही था। वहीं दिल्ली पुलिस ने बुधवार को संसद भवन परिसर में रंगीन धुआं उड़ाने वाली महिला नीलम व उसके साथी को गिरफ्तार किया। नीलम उच्च शिक्षित और हरियाणा की रहने वाली है और अपनी बेरोजगारी से खासी हताश बतायी जाती है। निश्चित रूप से इस सुरक्षा चूक से सुरक्षा तंत्र में खलबली मचनी स्वाभाविक थी, क्योंकि मामला संसद व सांसदों की सुरक्षा से जुड़ा था। पुलिस व खुफिया एजेंसियां पकड़े गए लोगों से गहन पूछताछ कर रही हैं। गिरफ्तार लोगों के घरों से भी पूछताछ की गई है। हालांकि, गिरफ्तार लोगों के किसी संगठन आदि से जुड़े होने के कोई समाचार नहीं हैं। लेकिन लगता है कि वे कहीं न कहीं अपनी बेरोजगारी से हताश-निराश थे। हालांकि उन्होंने जो कदम उठाया है वह किसी भी तरह उचित व कानून सम्मत नहीं था। यहां तक कि मैसूर में मनोरंजन के पिता ने बेटे की हरकत की निंदा की है। उन्होंने बताया कि उनके बेटे ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की, लेकिन नौकरी नहीं कर पाया। वह गांव में पुश्तैनी जमीन पर खेती करता था। हमें समझ में नहीं आया उसने ऐसा क्यों किया, हमने उसे अच्छी तालीम व संस्कार दिए हैं। निस्संदेह आप संसद के बाहर प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन इस तरह के कृत्य को किसी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता। इस तरह की अराजकता लोकतंत्र में अक्षम्य ही है। बहरहाल, मामले में चूक की जांच के लिये विशेष दल गठित किया गया है। वहीं हरियाणा की रहने वाली नीलम के परिजन भी कहते हैं कि उसने ऊंची शिक्षा की डिग्री के अलावा यूजीसी का नेट भी क्वॉलीफाई किया था और वह अपनी बेरोजगारी को लेकर हताशा में थी। संयोग की बात कि किसी के परिवार को नहीं पता था कि उनके बच्चे दिल्ली गए हैं और ऐसा कृत्य कर सकते हैं। बहरहाल, संसद की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नये सिरे से समीक्षा की जरूरत है। निस्संदेह, संसद दीर्घा तक लोग सांसद द्वारा बनाये पास के जरिये ही पहुंचते हैं। वैसे संसद की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी लोकसभा के अधीन काम करने वाली पार्लियामेंट सिक्योरिटी सर्विस की होती है। सत्र के दौरान बाहर केंद्रीय सुरक्षा बलों, आईटीबीपी, इंटेलिजेंस ब्यूरो, एसपीजी, एनएसजी आदि की उपस्थिति अलग से रहती है। संसद पर हमले के बाद सुरक्षा तंत्र को खासा उन्नत बनाया है। लेकिन सुरक्षा तंत्र के नये सिरे से पुनरावलोकन की जरूरत है।

## गिरी आखिर गाज!



हुई कार्रवाई अब ।
गिरी आखिर गाज ।।
गैरजिम्मेदार वो ।
सर पर जिनके ताज ।।
हुई हरकत इस तरह ।
है शर्मिंदा देश ।।
कार्यशैली ऐसी है ।
दर्जा जिन्हें विशेष ।।
धीरे-धीरे परतें ।
लगीं खुलने आज ।।
है सब कुछ स्पष्ट ।
ना रहा कुछ राज ।।
है पड़ता भुगतना ।
किए जो भी काम ।।
प्राप्त कर लिया देश ।
लेकिन कुछ पैगाम ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# सरल नहीं होता हैं मोहन यादव, विष्णु देव साय और भजन लाल शर्मा हो जाना

**प्रवीण गुगनानी**

भारतीय जनता पार्टी में एक टर्म या शब्द चलता है, ह्लदेवतुल्य कार्यकर्ताह्व यह शब्द बड़ा ही विशेष है! जहां विश्व के तमाम राजनैतिक दलों या यूं भी कह सकते हैं कि विश्व के सभी प्रकार के संगठनों में ऐसा शब्द सुनने-बोलने में नहीं आता है, वहीं भाजपा में यह शब्द चरितार्थ होता हुआ भी दिखाई पड़ता है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु साय जी भी ऐसे ही व्यक्ति हैं किंतु उनका कोई अनुभव, भेंट या संस्मरण मेरे पास दुर्योग से नहीं है। मध्य प्रदेश व राजस्थान के नवनियुक्त मुख्यमंत्री मोहन यादव व भजनलाल शर्मा के संबंध में देवतुल्य कार्यकर्ता शब्द सिद्ध होता है। ये दोनों व्यक्ति अपने संगठन के कार्यकर्ता को देवतुल्य मानते हैं; ये मेरा व्यक्तिगत अनुभव व संस्मरण है।

पहला संस्मरण मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव जी का है, इसे मैंने वर्ष 2021 में मेरे ब्लॉग व सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफार्म्स पर भी पोस्ट किया था। मोहन यादव जी से मेरी भेंट, चर्चा व जान पहचान का अत्यंत सीमित दायरा ही था। मोहन जी मप्र के उच्च शिक्षा मंत्री थे तब मैंने उन्हें छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद सदस्य होने के नाते एक पत्र लिखा था। एक दिन अचानक बिना पूर्व सूचना के मैं उनके भोपाल स्थित कार्यालय पहुँच गया। अंदर मेरे जाने की सूचना पर्ची के माध्यम से गई और उन्होंने मुझे तत्काल ही अंदर बुलवा लिया। जैसे ही मैंने उनके कक्ष में प्रवेश किया, मोहन जी तत्क्षण बोलना प्रारंभ किया- प्रवीण जी, आपने जिस महाविद्यालय के लिए राशि पिछले माह मांगी थी उसका स्वीकृति पत्र लेकर जाइए!! और इसके तत्काल बाद उन्होंने मुझे मेरे प्रस्ताव की प्रशासकीय स्वीकृति सहित बजट आवंटन का पत्र मेरी हाथों में थमा दिया था। मुझे बड़ा घनघोर आश्चर्य हुआ। मैं दांतों तले अंगुली दबाने को विवश हो गया। मैं ठहरा संघ-भाजपा का अत्यंत छोटा व मामूली-सा कार्यकर्ता और मेरे एक मामूली से पत्र के सारे सारे के सुझावों व मांगों को मानते हुए इतने बड़े बजट के आवंटन को देखते हुए मैं आश्चर्यचकित ही नहीं अपितु भावविभोर भी हो गया था। मेरे बड़े ही संक्षिप्त, अल्प आग्रह पर मप्र के उच्च शिक्षा मंत्री मोहन जी यादव ने बैतुल के जयवंती हक्सर महाविद्यालय हेतु 9.18 करोड़ व आठनेर महाविद्यालय हेतु 3.53 करोड़ रु. भवन निर्माण हेतु स्वीकृत कर दिये थे। पत्र देते हुए उन्होंने यह भी कहा कि, आपके आग्रह के अनुसार शाहपुर महाविद्यालय के बजट का आवंटन शेष रहा है वह भी शीघ्र ही मिल जाएगा।



भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने यदि मोहन जी यादव को मुख्यमंत्री मनोनीत करने का निर्णय लिया है तो निश्चित ही उन्होंने भाजपा के लाखों कार्यकताओं, संगठन, समाज व अपने कर्तव्य के प्रति मोहन जी की इस परायणता, समर्पण व चैतन्यता को देखकर ही किया होगा। आज उनके मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रथम दिवस पर उनकी कर्तव्य परायणता के भाव को नमन सहित उन्हें बधाई व शुभकामनाएँ!!

दूसरा संस्मरण राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जी का है, अप्रैल, 2021 में वो बड़े भारी और भयंकर कोविड महामारी के दिन थे। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव चल रहे थे। उन दिनों मप्र से लेकर बंगाल तक पूरे देश के श्मशान में शवों के दाह संस्कार के हेतु लाइनें लगा करती थी। परिजनों के शवों का अंतिम संस्कार करना भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य हो गया था। मौत अपने चरम रूप को दिखाते हुए तांडव कर रही थी। समूचे देश में चीख पुकार और हाहाकार मचा हुआ था। उन दिनों में अपने घर से दो हजार किमी की यात्रा करके पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार हेतु जाना पागलपन ही था। यह पागलपन भजन लाल जी शर्मा और मैंने कर लिया था। हम दोनों ही अनेकों कार्यकताओं की भांति अपने अपने प्रदेश से पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रचार कार्य हेतु पहुंचे हुए थे। भजन लाल जी व मेरा वहां पहली बार परिचय हुआ था। भजन लाल जी व मुझमें एक समानता थी, दोनों के ही पारिवारिक परिजन सुबह शाम घर वापस लौटने हेतु रोते, चीखते और क्रोधित होकर फोन किया करते थे, और हम; इन पत्नी, पिता, माता, भाई, बच्चों के इन फोन कॉल्स से व्यथित होकर भी काम में लगे रहते थे। प्रतिदिन हम परिवार से आने वाले इन फोन कॉल्स की चर्चा किया करते थे। परिवार जनों से झूठ कहते थे कि फ्लाइट नहीं है या, टिकिट नहीं हो रही या कैलाश जी विजयवर्गीय और अरविंद जी मेनन आने नहीं दे रहे हैं। राजस्थान के नवनियुक्त मुख्यमंत्री भजन लाल जी शर्मा, कूचबिहार के निशीथ जी और मैं पश्चिम बंगाल विस चुनाव के समय कोलकाता मुख्यालय में रुके थे। हम तीनों का साथ प्रतिदिन सुबह पांच से सात बजे तक का होता था। सुबह का योग व्यायाम, फिर पांच सात किमी की सैर और लौटकर सुबह का अल्पाहार भजन लाल जी के संग ही होता था मेरा। फिर दिन भर वो अपने रास्ते और हम अपने रास्ते निकल जाते थे। एक दिन तो हम कुछ दस बारह किमी की पदयात्रा करके नेताजी सुभाषचंद्र बोस के निवास स्थान पर बने स्मारक तक भी पहुँच गये थे। संलग्न चित्र कोलकाता के नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्मारक के सामने का ही है। तब सुबह सुबह वह स्मारक खुला भी नहीं था और हमें बाहर से ही दर्शन करके लौटना पड़ा था।

भजन लाल जी और मेरा रात्रि का भोजन और उसके बाद की सैर और पान खाना और लंबी गपशप करना भी साथ में होता था। और हां, इस गपशप में कोविड के दिल दहला देने वाले और ह्रदय को भीतर तक चीर देने वाले किस्से अवश्य ही हुआ करता था। प्रतिदिन जब कोरोना से मृत्यु का डर मुझ पर हावी होता था तब भजन लाल जी केवल मुझे ही नहीं बल्कि मेरे जैसे दसियों कार्यकताओं को हिम्मत बंधाते और साहस देते नजर आते थे। बड़े विनम्र किंतु सख्त, हंसमुख के साथ गंभीर, अच्छे नियोजक किंतु सरल, चटोरे किंतु शुद्ध शाकाहारी, उन्मुक्त किंतु निर्व्यसनी, सहज चर्चा करने वाले किंतु उत्तम वक्ता, कम बोलने वाले किंतु मित्रों के साथ मुखर; प्रकार के व्यक्ति हैं, भजन लाल जी!! अनंत शुभकामनाएं एवं बधाई और आपके चरितार्थ होते देवतुल्य कार्यकर्ता भाव के चिरंजीवी होने हेतु मंगल कामनाएं।

# प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर विश्व भर के सनातनियों के लिए एक राष्ट्र मंदिर होगा

**प्रह्लाद सबनानी**

पूज्य भगवान श्रीराम हमें सदैव ही मयार्दा पुरुषोत्तम के रूप में दिखाई देते रहे हैं। पूरे विश्व में भारतीय नागरिकों को प्रभु श्रीराम के वंशज के रूप में जानने के कारण, आज पूरे विश्व में हर भारतीय की यही पहचान भी बन पड़ी है। लगभग हर भारतीय न केवल वसुधैव कुटुंबकम, अर्थात इस धरा पर निवास करने वाला प्रत्येक प्राणी हमारा परिवार है, के सिद्धांत में विश्वास करता है बल्कि आज लगभग हर भारतीय बहुत बड़ी हद तक अपने धर्म सम्बंधी मयार्दाओं का पालन करते हुए भी दिखाई दे रहा है। भारत में भगवान श्रीराम धर्म एवं मयार्दाओं के पालन करने के मामले में मूर्तिमंत स्वरूप माने जाते हैं। इस प्रकार वे भारत की आत्मा हैं।

विशेष रूप से आज जब पूरे विश्व में आतंकवाद अपने पैर पसार रहा है एवं जब विकसित देशों में भौतिकवादी विकास सम्बंधी मॉडल के दुष्परिणाम, लगातार बढ़ रही मानसिक बीमारियों के रूप में दिखाई देने लगे हैं, ऐसे में पूरा विश्व ही आज भारत की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहा है कि ऐसे माहौल में केवल भारतीय सनातन संस्कृति ही विश्व को आतंकवाद से मुक्ति दिलाने में सहायक होगी एवं भारतीय आध्यात्मवाद के सहारे मानसिक बीमारियों से मुक्ति भी सम्भव हो सकेगी। इसी कारण से आज विशेष रूप से विकसित देशों यथा- जापान, रूस, अमेरिका, दक्षिणी कोरीया, फ्रान्स, जर्मनी, ब्रिटेन, कनाडा, इंडोनेशिया आदि अन्य देशों की ऐसी कई महान हस्तियां हैं जो भारतीय सनातन धर्म की ओर रुचि लेकर, इसे अपनाने की ओर लगातार आगे बढ़ रही हैं।

भारत में सनातन धर्म का गौरवशाली इतिहास पूरे विश्व में सबसे पुराना माना जाता है। कहते हैं कि लगभग 14,000 विक्रम सम्वत पूर्व भगवान नील वराह ने अवतार लिया था। नील वराह काल के बाद आदि वराह काल और फिर श्वेत वराह काल हुए। इस काल में भगवान वराह ने धरती पर से जल को हटाया और उसे इंसानों के रहने लायक बनाया था। उसके बाद ब्रह्मा ने इंसानों की जाति का विस्तार किया और शिव ने सम्पूर्ण धरती पर धर्म और न्याय का राज्य कायम किया। सभ्यता की शुरूआत यहीं से मानी जाती है। सनातन धर्म की यह कहानी वराह कल्प से ही शुरू होती है। जबकि इससे पहले का इतिहास भी भारतीय पुराणों में दर्ज है जिसे मुख्य 5 कल्पों के माध्यम से बताया गया है। यदि भारत के इतने प्राचीन एवं महान सनातन धर्म के इतिहास पर नजर डालते हैं तो पता चलता है कि हिन्दू सनातन संस्कृति एवं सनातन वैदिक ज्ञान वैश्विक आधुनिक विज्ञान का आधार रहा है। इसे कई उदाहरणों के माध्यम से, हिन्दू मान्यताओं एवं धार्मिक ग्रंथों का हवाला देते हुए, समय समय पर सिद्ध किया जा चुका है। सनातन वैदिक ज्ञान इतना विकसित था, जिसके मूल का उपयोग कर आज के आधुनिक विज्ञान के नाम पर पश्चिमी देशों द्वारा वैश्विक स्तर पर फैलाया गया है। दरअसल, सैंकड़ों सालों के आक्रमणों और गुलामी ने हमें सिर्फ राजनीतिक रूप से ही गुलाम नहीं बनाया गया था बल्कि मानसिक रूप से भी हम गुलामी की जंजीरों में जकड़े गए थे। अंग्रेजों के शासन ने हमें हमारी ही संस्कृति के प्रति हीन भावना से भर दिया था। जबकि हमारे ही ज्ञान का प्रयोग कर वे संसार भर में विजयी होते रहे और नाम कमाते रहे। अब जरूरत है कि हम अपनी इस सांस्कृतिक धरोहर को जाने और



इस पर गर्व करना भी सीखें। इसी क्रम में पूरे विश्व में निवास कर रहे हिन्दू सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए हमारे मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जिनके नाम से आज विश्व में भारत की पहचान होती है, का एक भव्य मंदिर भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में बनाया जाना शाश्वत प्रेरणा के साथ-साथ एक आवश्यकता भी माना जाना चाहिए। चूंकि बाबर एवं मीर बाकी नामक आक्रांताओं ने भगवान श्रीराम के मंदिर का विध्वंस कर उस स्थान पर एक मस्जिद का निर्माण कर लिया था अतः पुनः इस स्थान को मुक्त कराने हेतु प्रभु श्रीराम के भक्तों को 492 वर्षों तक लम्बा संघर्ष करना पड़ा है। अतीत के 76 संघर्षों में 4 लाख से अधिक रामभक्तों ने बलिदान दिया है एवं लगभग 36 वर्षों के सुसूत्र श्रृंखलाबद्ध अभियानों के फलस्वरूप सम्पूर्ण समाज ने लिंग, जाति, वर्ग, भाषा, सम्प्रदाय, क्षेत्र आदि भेदों से ऊपर उठकर एकात्मभाव से श्रीराम मंदिर के लिए अप्रतिम त्याग और बलिदान किया है। अंततः उक्त बलिदानों के परिणामस्वरूप 9 नवम्बर 1989 को श्रीराम जन्मभूमि पर अनुसूचित समाज के बन्धु श्री कामेश्वर चौपाल ने पूज्य संतों की उपस्थिति में शिलान्यास सम्पन्न किया था। परंतु, प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माण करने हेतु जमीन के स्वामित्व सम्बंधी कानूनी लड़ाई अभी भी समाप्त नहीं हुई थी। इस प्रकार आस्था का यह विषय न्यायालयों की लम्बी प्रक्रिया (सत्र न्यायालय से सर्वोच्च न्यायालय तक) में भी फंस गया था। अंत में, पौराणिक-साक्ष्यों, पुरातात्विक-उत्खनन, राडार तरंगों की फोटो प्रणाली तथा एतिहासिक तथ्यों के आधार पर उच्चत्तम न्यायालय की 5 सदस्यीय पीठ ने 9 नवम्बर 2019 को सर्व सम्मति से एकमत होकर निर्णय देते हुए कहा यह 14000 वर्गफीट भूमि श्रीराम लला की है। इस प्रकार सत्य की प्रतिष्ठा हुई, तथ्यों और प्रमाणों के साथ श्रद्धा, आस्था और विश्वास की विजय हुई। तत्पश्चात, भारत सरकार ने 5 फरवरी 2020 को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र नाम से न्यास का गठन कर अधिग्रहीत 70 एकड़ भूमि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र को सौंप दी। तदुपरांत 25 मार्च, 2020 को श्री राम लला तिरपाल के मन्दिर से अपने अस्थायी नवीन काष्ठ मंदिर में विराजमान हुए। अंततः 5 अगस्त 2020 को सदियों के स्वप्न-संकल्प सिद्धि का वह अलौकिक मुहूर्त उपस्थित हुआ। जब पूज्य महंत नृत्य गोपाल दास जी सहित देश भर की विभिन्न आध्यात्मिक धाराओं के प्रतिनिधि पूज्य आचार्यों, संतो, एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूजनीय सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत जी के पावन सान्निध्य में भारत के जनप्रिय एवं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भूमि पूजन कर मंदिर निर्माण का सूत्रपात किया।

# BJP के VRS प्लान से पार्टी नेताओं में मचा हड़कंप, सबकी जुबान पर एक ही सवाल- अगला नंबर किसका है?

**नीरज कुमार दुबे**

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने राज्यों में भाजपा का जो नया नेतृत्व तैयार किया था उसमें गुजरात में नरेंद्र मोदी, मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान, राजस्थान में वसुंधरा राजे, छत्तीसगढ़ में डॉ. रमन सिंह और गोवा में मनोहर पर्रिकर ने पार्टी को मजबूत किया और राज्य सरकार का लंबे समय तक नेतृत्व भी किया। मोदी 2014 में गुजरात से निकल कर केंद्र की राजनीति में आ गये और प्रधानमंत्री बनने के बाद से उन्होंने अमित शाह के साथ मिलकर राज्यों में नया नेतृत्व खड़ा करने का काम शुरू किया। मोदी-शाह की जोड़ी ने अब तक जिन लोगों को नेतृत्व सौंपा उसमें उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड में पुष्कर सिंह धामी, गुजरात में भूपेंद्र पटेल, अरुणाचल प्रदेश में पेमा खांडू, गोवा में प्रमोद सावंत, हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर, महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस, मणिपुर में एन. बिरेन सिंह, त्रिपुरा में माणिक साहा और असम में हिमंत बिस्व सरमा ही सफल रहे और इन नेताओं की बदौलत भाजपा दोबारा राज्य की सत्ता में आ सकी। हालांकि असम में भाजपा ने विधानसभा चुनावों में किसी को मुख्यमंत्री उम्मीदवार नहीं बनाया था लेकिन राज्य में पार्टी की सफलता के पीछे उनका बहुत बड़ा हाथ माना जाता है। वैसे ऐसा नहीं है कि मोदी-शाह की जोड़ी को सिर्फ सफलता ही मिली है। कर्नाटक में बसवराज बोम्मई, झारखंड में रघुबर दास, उत्तराखंड में त्रिवेंद्र सिंह रावत और तीरथ सिंह रावत तथा हिमाचल प्रदेश में जयराम ठाकुर व त्रिपुरा में बिप्लब देव जैसे उनके प्रयोग असफल भी रहे हैं।

मोदी-शाह की जोड़ी एक तरफ भारत को 2047 से पहले विकसित देश बनाने के संकल्प को सिद्ध करने पर काम कर रही है तो दूसरी ओर पार्टी स्तर पर कड़े और बड़े निर्णय लेकर यह भी सुनिश्चित कर रही है कि भाजपा का राज केंद्र और राज्यों में लंबे समय तक बना रहे। मोदी-शाह की जोड़ी जानती है कि जनता परिवर्तन चाहती है। यह जोड़ी जानती है कि किसी एक व्यक्ति के प्रति उपजा जनता का गुस्सा पूरी पार्टी के लिए भारी पड़ सकता है इसलिए समय पर कदम उठा लिया जाता है। इसके लिए कभी केंद्र में बड़े-बड़े मंत्रियों की छुट्टी कर दी जाती है तो कभी राज्यों में पूरा का पूरा मंत्रिमंडल बदल दिया जाता है तो कभी किसी राज्य में सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का अगले चुनावों में टिकट काट कर एकदम नये चेहरों को मौका दिया जाता है।

इस क्रम में मोदी-शाह की जोड़ी ने जो नया फैसला लिया है उसके तहत अटल-आडवाणी की जोड़ी की ओर से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में तैयार किये गये तीन बड़े



नेताओं- शिवराज सिंह चौहान, डॉ. रमन सिंह और वसुंधरा राजे को ऐसे वक्त घर बैठा दिया है जब इन तीनों ही राज्यों में भाजपा ने शानदार चुनावी जीत हासिल की है। इन तीनों ही राज्यों में नये मुख्यमंत्री का नाम सुन कर अन्य लोग तो क्या खुद वह भी चौंक गये थे जिनको मुख्यमंत्री बनाया गया है। देखा जाये तो वसुंधरा-रमन और शिवराज का मुख्यमंत्री के रूप में कॅरियर समाप्त होना बड़ी राजनीतिक घटना है। सवाल उठता है कि वसुंधरा-रमन-शिवराज जिन्हें आजकल VRS (Vasundhara-Raman-Shivraj) कह कर संबोधित किया जा रहा है, उन्हें राज्य में सत्ता के शीर्ष पद से वीआरएस क्यों दे दिया गया? सवाल यह भी उठता है कि मोदी और शाह की जोड़ी क्या राज्यों के बाद अब केंद्र के नेताओं को भी वीआरएस देने की तैयारी में है? सवाल यह भी उठता है कि जिस तरह हाल के विधानसभा चुनावों में कई सांसदों को विधायकी का चुनाव लड़ाया गया क्या उसी तरह विधायकों को लोकसभा का चुनाव लड़ाया जा सकता है? सवाल कई हैं लेकिन जवाब मोदी-शाह ही जानते हैं। जहां तक शिवराज, वसुंधरा और रमन सिंह के राजनीतिक भविष्य की बात है तो डॉ. रमन सिंह को छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष बना कर उन्हें राज्य की राजनीति में ऐसी भूमिका दी गयी है जिसमें उन्हें सक्रिय राजनीति से वास्ता नहीं रखते हुए सदन के प्रति अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निवर्हन भर करना है। जहां तक शिवराज और वसुंधरा की बात है तो इसमें कोई दो राय नहीं कि यह दोनों बड़े जनाधार वाले नेता हैं और इनको ज्यादा समय तक खाली नहीं बैठाये रखा जा सकता। वसुंधरा राजे फिलहाल भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। केंद्र में 2014 में मोदी सरकार बनने पर उन्हें केंद्रीय राजनीति में आने का न्यौता दिया गया था जिसे उन्होंने उस समय अस्वीकार कर दिया था लेकिन माना जा रहा है कि अब कोई अन्य विकल्प नहीं होने के चलते वह लोकसभा या राज्यसभा के माध्यम से केंद्र की राजनीति में आ सकती हैं। हालांकि यहां यह भी ध्यान रखना चाहिए कि विधानसभा चुनावों के दौरान वसुंधरा राजे ने एक बार यह भी कहा था कि मुझे अब लगता है कि मैं रिटायरमेंट ले सकती हूँ। लेकिन यहां यह ध्यान रखे जाने की जरूरत है कि राजनीति का मिजाज ऐसा है कि वह कम से कम जनाधार वाले नेताओं को रिटायरमेंट नहीं लेने देती। बहरहाल, जहां तक शिवराज सिंह चौहान की बात है तो पार्टी नेतृत्व को यह अच्छा लगा कि उन्होंने आसानी से नई पीढ़ी को सत्ता हस्तांतरित कर दी लेकिन उनके कुछ बयान ऐसे रहे जोकि केंद्रीय नेतृत्व को अखर गये। भाजपा सूत्रों का कहना है कि ऐसे में संभव है कि उन्हें तत्काल पार्टी में कोई भूमिका नहीं मिले। लेकिन कुछ सूत्रों का यह भी कहना है कि शिवराज के भोपाल में रहने से नये मुख्यमंत्री के लिए काम करना मुश्किल हो सकता है इसलिए उन्हें दिल्ली लाया ही जायेगा। बताया जा रहा है कि शिवराज सिंह चौहान के लिए बड़ी भूमिका तय भी कर ली गयी है। चूंकि वह 18 साल तक मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे, तीन बार लोकसभा के सदस्य रहे, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव रहे और पार्टी संगठन चुनावों से लेकर अनेक भूमिकाओं को भी उन्होंने जिम्मेदारीपूर्वक निभाया है, इसलिए संभव है कि जगत प्रकाश नड्डा का विस्तारित कार्यकाल पूरा होने के बाद शिवराज सिंह चौहान की भाजपा अध्यक्ष पद पर ताजपोशी हो जाये। उल्लेखनीय है कि भाजपा अध्यक्ष के पद पर नड्डा अपना कार्यकाल पूरा कर चुके हैं और पार्टी ने हाल में उनका कार्यकाल लोकसभा चुनावों तक बढ़ा दिया था।

# स्ट्रीट वेंडर अपना लेन देन अधिक से अधिक डिजिटल ट्रांजेक्शन के माध्यम से करें : नंद गोपाल गुप्ता "नंदी"

### पीएम स्वनिधि योजना ने स्ट्रीट वेंडरों की दैनिक आय में किया इजाफा - नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी'




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति वाराणसी (उ०प्र०) सम्मानित पदाधिकारियों द्वारा 14 दिसम्बर 2023 गुरुवार कों परेड कोठी कैण्ट स्थित प्रताप पैलेस में फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति संरक्षक अजय सिंह बॉबी के नेतृत्व में कैबिनेट मंत्री औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई, निवेश प्रोत्साहन, उत्तर प्रदेश सरकार नन्द गोपाल गुप्ता (नंदी) को बुके,अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन करते हुए काशी में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से लाभान्वित 48000 स्ट्रीट वेंडरों की तरफ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार प्रकट किया। सम्मान ग्रहण करते हुए कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में काशी को प्रथम स्थान दिलाने में संगठन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति द्वारा पटरी व्यवसायियों के हित में काशी में किए जा रहे कार्यों की चर्चा सम्पूर्ण प्रदेश में हो रही है और हमें पूर्ण विश्वास है कि आगामी दिनों यह संगठन पटरी व्यवसायियों के हित में कार्य करने वाला प्रदेश का सबसे विशाल संगठन बनेगा।साथ ही मैं अपने सभी पटरी व्यवसायी बंधुओं से अपील करता हूं कि अपना लेनदेन ज्यादा से ज्यादा डिजिटल ट्रांजेक्शन के माध्यम से स्वयं करें एवं अन्य पटरी व्यापारियों को भी जागरूक करें। मुख्य रूप से फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति सचिव अभिषेक निगम,फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह,फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर सिन्हा उपस्थित थे।

## ग्राम सभा समदपुर में खुली बैठक का आयोजन संपन्न




प्रखर मिर्जापुर। विकासखंड नारायणपुर के ग्राम सभा समदपुर में खुली बैठक का आयोजन जिला अधिकारी के पत्र के अनुपालन में खंड विकास अधिकारी के आदेश के क्रम में आयोजित की गई जिसमें पिछली कार्यवाही की चर्चा करते हुवे बैठक की शुरूआत की गई। बैठक का मुख्य एजेंडा लक्ष्मीना देवी का नाम परिवार रजिस्टर में डालने को लेकर रहा लक्ष्मीना देवी का दावा है कि वह रामकेश की पत्नी है तथा वह समदपुर की मूल निवासी है। वही एक तरफ सभी बैठक में उपस्थित ग्राम सभा के लोगों ने एक स्वर में लक्ष्मीना देवी को पहचानने से इनकार किया तथा दावे के संदर्भ में लक्ष्मीना देवी ने बैठक में कोई साक्ष्य भी प्रस्तुत नहीं कर पाई। उक्त अवसर पर ग्राम प्रधान समदपुर धर्मशिला देवी, ग्राम प्रधान हरदी सहजनी नरसिंह चौहान, सचिव शिवम चौधरी, महेंद्र प्रताप सिंह जमालपुर नारायणपुर आईएसबी सहित तमाम पदाधिकारी व गांव के नागरिक उपस्थित रहे।

## 'नई बोतल में पुरानी शराब से नए नतीजों की उम्मीद..', यूएन के ढर्रे पर भारत की स्थायी प्रतिनिधि कंबोज का वार

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र में बुधवार को भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने यूएन के कामकाज के तरीकों और इसके सीमित ढांचे को लेकर निशाना साधा। अलग-अलग देशों के बीच विवादों को कम करने के मुद्दे का जिक्र करते हुए कंबोज ने कहा, "2009 के बाद से जिस तरह हम देशों के बीच अलगाव को पाटने की कोशिश कर रहे हैं और मुद्दों पर संमिलन के लिए कोशिशें बढ़ा रहे हैं। अब उसी तरह अंतरसरकारी समझौतों के 15वें साल में पहुंचने के साथ मेरे और मेरे प्रतिनिधिमंडल का यह मानना है कि हम नई बोतलों में पुरानी शराब रखकर नए नतीजों की उम्मीद नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि केवल बातचीत ही हमें आगे तक ले जा सकते हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'हम जानते हैं कि देश तब तक अपनी स्थिति नहीं बदल सकती है, जब तब हम बातचीत न करें। मैं आप सभी को याद दिलाना चाहती हूं कि भविष्य का शिखर सम्मेलन अंतरसरकारी वार्ता नहीं होगा, बल्कि एक अंतर-सरकारी वार्ता प्रक्रिया जैसा होगा। हमें वास्तविक होने की जरूरत है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, इस मामले में भारत तत्काल कार्रवाई करते हुए ग्लोबल साउथ (वैश्विक दक्षिण) की आवाज को उठाने के लिए प्रयास करना जारी रखेगा।' गौरतलब है कि एक दिन पहले ही संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच पर भारत ने इस्राइल और हमास के हिंसक संघर्ष को खत्म करने के प्रस्ताव का समर्थन किया था।

# अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा लावा रसूलपुर परवा मार्ग, एमएलसी चंचल ने निस्तारण का दिया आश्वासन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जंगीपुर विधानसभा स्थित ग्राम रसूलपुर कंधवारा जो की सरया के नाम से भी जाना जाता है जो की बेसो नदी के पास स्थित है जिस पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा छोटी पुलिया का निर्माण किया गया है जो मानपुर लावा रसूलपुर कंधवारा परवा भंवरी आलम पट्टी इत्यादि गांवों को जोड़ने का कार्य करता है आज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है आज इन मार्गों पर पैदल चलना भी मुश्किल है जिस पर 108 100 नंबर 112 नंबर की महात्वाकांक्षी योजना की गाड़ीया और उसे स्कूलों की गाड़ियां आए दिन क्षतिग्रस्त हो रही है और कभी भी बड़ी दुर्घटना को दावत दे सकती है जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। रसूलपुर कंधवारा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में आए विधान परिषद सदस्य व भाजपा के लोकप्रिय नेता नौजवान दिलों की धड़कन चंचल सिंह को अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा गाजीपुर बिग्रेड से जिलाध्यक्ष चंदन विश्वकर्मा के द्वारा व गांव के शिराज अंसारी अनिल यादव, सुरेंद्र मास्टर, गुड्डू अंसारी एडवोकेट, रचित बिंद, राधे बिंद, अजीत बिंद, सोनू राम, मूर्ति बिंद, कमलेश कनोजिया, मनोज बिंद, सरोज राम, मनीष विक्रम, संदीप विश्वकर्मा, जगदीश बिंद, अजय बिंद, गुड्डू राम, नंदलाल राम, नारायण बिंद, बिध्याचल बिंद, बुच्ची बिंद, पूर्व प्रधान राम लाल, विनोद प्रधान, रामराज बिंद समस्त ग्रामीणों ने समस्या को लेकर एक पत्रक विधान परिषद सदस्य चंचल सिंह को दिया गया जिसको एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने मुख्यमंत्री से मिलकर समस्या का निस्तारण जल्द करने का आश्वासन दिया, जिससे ग्रामीणों में काफी खुशी है और जर्जर रोड नाली की निर्माण के प्रति उनकी उम्मीद जगी है। विशाल सिंह चंचल भैया द्वारा जल्दी ही निर्माण कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन दिया गया है।



# राष्ट्रीय सेमिनार का किया गया आयोजन

प्रखर वाराणसी। भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के क्षेत्रीय विकास कार्यालय द्वारा एमएसएमई विकास पर आधारित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन एवं अटल इंक्यूबेशन सेंटर बीएचयू वाराणसी के सहयोग से के.एन.उड़प्पा आडीटोरियम बीएचयू में किया गया` कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमों को वैश्विक बाजार के अनुरूप तैयार करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निखिल टी, फुण्डे, जिलाधिकारी चंदौली ने सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न सहायताओं पर विस्तार से चर्चा की जिसमें वेण्डर विकास, पब्लिक प्राक्यूरमेंट पॉलिसी, सरकारी टेण्डरों में एमएसई उद्यमियों को उपलब्ध छूट, जेम पोर्टल पर पंजीकरण, डिजाइन डेवलपमेंट, डिजिटल मार्केटिंग, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय ब्रांडिंग, पैकेजिंग, ट्रेडमार्क, इन्नोवेशन इत्यादि प्रमुख विषय रहे। जिलाधिकारी ने निवेशकों व एमएसएमई उद्यमियों से इस अवसर का लाभ लेकर अधिक से अधिक रोजगार सृजन का आह्वान किया साथ ही यह भी कहा कि चन्दौली में एक नया औद्योगिक पार्क बन रहा हैं जिससे उद्यमियों को अब उद्योग लगाने के लिये जगह की कमी नही रहेगी` इस औद्योगिक क्षेत्र में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध रहेगी और चन्दौली को औद्योगिक हब बनाने का पूरा प्रयास हैं इसमें जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार का हर संभव सहयोग रहेगा। कार्यक्रम में रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन एशोसिएसन के अध्यक्ष देवभट्टाचार्य ने बताया कि एमएसएमई अब अपने उत्पाद को सरकारी विभागों में जेम पोर्टल के माध्यम से बेच सकते है अब सरकारी टेन्डर उधमी अपने घर बैठे की भर सकता है और अपने उत्पाद को बिना किसी परेशानी के सरकारी विभाग में सप्लाई कर सकते है। एमएसएमई विभाग के एल बी एस यादव संयुक्त निदेशक ने कहा कि उद्यमियों के विकास के लिये सरकार की तरफ से जेड सर्टिफिकेशन करने पर 50 से 80 प्रतिशत की छूट मिल जायेगी लीन मैन्युफैक्चरिंग स्कीम में सर्टिफिकेशन लेने पर भारत सरकार द्वारा 95 प्रतिशत खर्च वहन किया जाता है। उद्यमियों को निर्यात प्रोत्साहन हेतु विदेश जाने व विदेश में लगे प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने पर उधमी को साढ़े पांच लाख रुपये तक कि धनराशि प्रतिपूर्ति की जाती है देश मे लगने वाले उद्योग के प्रदर्शनी में दो बार प्रतिभाग करने पर खर्च का 80 प्रतिशत तक प्रतिपूर्ति की जाती है बार कोड, ट्रेड मार्क सर्टिफिकेशन होने पर भी दस हजार की सरकारी प्रतिपूर्ति की जाती है। फीयो के आलोक श्रीवास्तव, सहायक निदेशक ने उद्यमियों को कहा कि उधमी ज्यादा से ज्यादा अपना प्रोडक्ट निर्यात करे और सरकार को तरफ से मात्र 30 मिनट में 500 रुपए की शुल्क देकर निर्यात करने हेतु पंजीकरण कर सकता है इसके उपरांत विभाग द्वारा किन देशों में किस वस्तु की मांग है और किस तरह उधमी सीधे तौर पर अपने उत्पादों को निर्यात कर सकते है व किन किन दस्तावेज की जरूरत पड़ती है वो बताया जाएगा। अटल इन्क्यूवेशन सेंटर के प्रो.पी.वी.राजीव ने स्टार्टअप के ऊपर प्रकाश डाला कार्यक्रम का संयोजन वी.के. राणा, सहायक निदेशक, एमएसएमई ने किया` स्वागत संबोधन राजेश चौधरी सहायक निदेशक एमएसएमई और धन्यवाद ज्ञापन रितेश बरनवाल सहायक निदेशक एमएसएमई ने दिया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रेश्वर जायसवाल, संतीश गुप्ता, जितेन्द्र सिंह, पंकज विजलानी, विजय केशरी, गुरदीप सिंह,अजय राय, शिव जायसवाल, राजेश जायसवाल, शिवपूजन जायसवाल,परेश सिंह, सत्यवीर साहू, श्याम केजरीवाल, श्याम अग्रवाल, हरिवंश सिंह, प्रमोद जायसवाल, अदिति सिंह, पियूष मिश्रा सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।



## 'युद्ध के बाद हमारे बिना गाजा के लिए कोई भी योजना बनाना गलतफहमी होगी', इस्राइल को हमास प्रमुख की चेतावनी



नई दिल्ली। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने स्पष्ट रूप से आतंकवाद का समर्थन करने और इसके लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने वालों को गाजा में घुसने की अनुमति नहीं देने का बयान जारी किया था। उनके इस बयान के एक दिन बाद हमास प्रमुख इस्माइल हनिये ने फलस्तीनी संगठन को शामिल किए बिना युद्ध के बाद गाजा के लिए बनाए गए योजनाओं को भ्रम बताया है। हमास प्रमुख इस्माइल हनिये ने कहा, 'गाजा या फलस्तीन में हमास के बिना कोई भी योजना बनाना गलतफहमी होगी।' उसने कहा कि वह युद्ध को समाप्त करने और गाजा और वेस्ट बैंक में फलस्तीनी घरों को बसाने पर बात करने के लिए तैयार है। हनिये ने बताया कि हमास बातचीत के लिए तैयार है, क्योंकि यह (बातचीत) ऐसे राजनीतिक रास्ते पर ले जा सकती है, जहां फलस्तीनी लोगों को स्वतंत्र राज्य और यरूशलम को अपनी राजधानी बनाने का अधिकार मिल सकता है। हमास के खिलाफ इस्राइल की तरफ से जारी जंग में इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने स्पष्ट रूप से कह दिया कि अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिले या नहीं वे हमास के खिलाफ युद्ध जारी रखने के लिए संकल्पित हैं। बता दें कि सात अक्तूबर को हमास के आतंकियों ने इस्राइल पर हवाई हमले किए थे, जिसमें 1200 इस्राइली नागरिकों की मौत हुई थी। इस हवाई हमले का इस्राइली सुरक्षा बलों ने पलटवार किया। उन्होंने गाजा पर हमला करते हुए इसे मलवे में तबदील कर दिया। इस हमले में गाजा के स्कूलों और अस्पतालों को भारी नुकसान पहुंचा है। इस्राइल-हमास के इस युद्ध में अबतक सैनिकों समेत करीबन 20 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में अधिकांश बच्चे और महिलाएं शामिल हैं।

# युवा शिक्षित ग्राम प्रधान की सोच और ग्रामीणों के सहयोग ने गांव में बहाई विकास की गंगा, क्षेत्र में हो रही है गांव की विकास की चर्चा

प्रखर संतकबीरनगर। केंद्र की मोदी सरकार तथा उत्तर प्रदेश राज्य की योगी सरकार गांव की दिशा और दशा बदलने के लिए ग्रामीणों के उत्थान तथा उनके विकास के लिए दिन रात एक किए हुए हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश सुबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ की सोच ने महतो कांची एवं जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतरने के लिए नित नई योजनाओं को संचालित करते रहते हैं उन्हें सोच और कार्य करने की क्षमता से प्रेरित होकर जनपद संत कबीर नगर के बघौली विकासखंड अंतर्गत बालू शासन के युवा और शिक्षित ग्राम प्रधान पिंटू राय ने वह कर दिखाया जो पिछले 70 सालों में नहीं हो पाया था। युवा और शिक्षित ग्राम प्रधान पिंटू राय अपने प्रति सोच के जरिए गांव में ग्राम प्रधान के चुनाव को जीतने के बाद गांव में सबसे पहले पंचायत भवन का निर्माण कराया। चुकी आजादी से लेकर अब तक बालूशासन गांव के किसी भी ग्राम प्रधान ने इस पर ध्यान नहीं दिया और ना ही बनवाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए। युवा ग्राम प्रधान पिंटू राय ने ग्राम पंचायत अध्यक्ष बनने के बाद एक ऐसी विकास की राह पकड़ाने के लिए समय पहले पंचायत भवन का निर्माण ,उसके बाद गांव में सड़कों और नालियों का जाल बिछाया । गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए विकसित किया।

6000 आबादी वाले विकसित गांव बालू शासन में आज चम चमाती सीसी रोड और साफ सुथरी नालियों ने सबको आकर्षित कर रहा हैं । पूरे गांव में लगभग 5000 मीटर का सीसी रोड तथा साफ सुथरी नालियों का निर्माण लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका हैं बालूशासन ग्राम प्रधान पिंटू राय बताते हैं कि परसों पूर्व ग्रामीणों को आने-जाने में काफी और सुविधा होती थी घर से निकलते ही कीचड़ और गांधी नालियां इनका स्वागत करती थी आज हमारे द्वारा कराए गए विकास कार्यों से गांव में कहीं भी आपको कीचड़ नहीं मिलेगा साफ सुथरी नालियां मिलेगी सभी के दरवाजे से होते हुए इंटरलॉकिंग और सीसी रोड मिलेंगे। गांव में कराई गई विकास कार्यों में इस्तेमाल होने वाले इंटरलॉकिंग के एट की गुणवत्ता ऐसी है की 2 साल बीत जाने के बाद भी एक एट अपनी जगह से हिला नहीं और नहीं क्षतिग्रस्त हुआ। जिसकी ग्रामीणों के द्वारा खूब सराहना किया जा रहा हैं । वहीं पंचायत भवन की हम बात करें तो पंचायत भवन भी हाईटेक सुविधाओं से लैस है। ग्रामीणों को अपनी कागज की कार्यवाही के लिए या बनवाने के लिए कहीं दूर नहीं जाना पड़ता है गांव में ही सारी सुविधा उपलब्ध है।इस बात के लिए विकास खंड कर्यालय बघौली के अधिकारी तथा कर्मचारी में भी विकास के इस रूप रेखा को देख कर कहते हैं की वह क्या गांव हैं। वही ग्राम प्रधान पिंटू राय ने आगे भी बताया कि विद्यालयों का कायाकल्प पूरी तरह से पूर्ण है पीने का स्वच्छ पानी शौचालय और बच्चों के लिए सभी सुविधाएं विद्यालय में मौजूद हैं। सरकार के द्वारा चलाई गई योजना विद्यालयों के कायाकल्प से बच्चों को विद्यालय पर आने के लिए मजबूर कर रहा है। प्राथमिक विद्यालय के बाउंड्री वॉल से लेकर दूसरे दीवारों पर की गई चित्रकारी बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वहीं आगे भी ग्राम प्रधान पिंटू राय ने बताया कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही सभी विकास की योजनाओं को बालू शासन के धरातल पर उतारूंगा और जितने भी सरकार के द्वारा धन आवंटित किए जा रहे हैं उस धन का सही-सही उपयोग गांव की विकास के लिए मैं लगाऊंगा। क्योंकि गांव भी मेरा है और गांव की जनता भी मेरी है गांव के बच्चे भी हमारे हैं और गांव का विद्यालय सड़क नाली भी हमारा है इसलिए गांव के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा। जिस रफ्तार से विकास की गंगा बालू शासन गांव में ग्राम प्रधान पिंटू राय के द्वारा बहाई जा रही हैं नही लगता की आनेवाले अगले ग्राम प्रधान के लिए कोई काम करने के लिए बचेगा। बलुसासन गांव के विकास की चर्चा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।




## संक्षिप्त खबरें

### डॉ. सुबाष चंद्र को विद्या वाचस्पति सम्मान से किया गया सम्मानित



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ , भागलपुर , केंद्रीय कार्यकारिणी एवं सर्वदली गौ रक्षा मंच द्वारा विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के कुलपति डॉ.संभाजी राजाराम बाविस्कर के कर कमलों से नादान परिंदे साहित्य मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुबाष चंद्र को विद्या वाचस्पति मानक सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जयपाल नयाल सनातनी राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वदलीय गौ रक्षा मंच , प्रकाश कुमार श्रीवास्तव गणेश जी नादान परिंदे साहित्य मंच संरक्षक, कवि इंद्रजीत तिवारी निर्भीक, कवि पारस श्रीवास्तव ,प्रकाश कुमार रघुवंशी , नादान परिंदे साहित्य मंच कोषाध्यक्ष झरना मुखर्जी , सुषमा मिश्रा , सुमति श्रीवास्तव, मणि वेन द्विवेदी ,संगीता श्रीवास्तव , सूर्य कुमार सिंह , सुखमंगल सिंह "मंगल", सिद्धनाथ शर्मा सिद्ध ,विनय पांडे ,ओम प्रकाश पांडे ,राकेश चंद पाठक ,महाकाल "पवन कुमार सिंह ,विजय गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने सुनील ओझा के परिजनों से की मुलाकात, जताया शोक



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य काशी प्रवास पर हैं इस दौरान बुधवार को बिहार प्रदेश के सह प्रभारी रहे स्वर्गीय सुनील ओझा के लहरतारा स्थित आवास महावीर हाइट्स पर पहुंचे उनके परिवारजनों से मुलाकात कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने सर्वप्रथम सुनील ओझा के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की फिर परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया उन्होंने कहा कि श्रद्धेय सुनील ओझा का व्यक्तित्व एवं कृतित्व अनुकरणीय रहा है ऐसे कर्मठ एवं जनसमर्पित नेता का असामयिक निधन हम सभी के लिए एक अपूरणीय क्षति है कहा कि स्वर्गीय सुनील ओझा ने अपना सम्पूर्ण जीवन पार्टी और जनसेवा के लिए समर्पित किया उनके इस अतुल्य सेवाभाव के लिए वह हमारे स्मृतियों में सदैव जीवित रहेंगे।

### किसानों ने काशी द्वार योजना को निरस्त करने की मांग



प्रखर पिंडरा वाराणसी। आवास विकास परिषद द्वारा प्रस्तावित काशी द्वार के लिए जमीन अधिग्रहण की सूचना प्रकाशन के बाद किसान फिर आंदोलन करने का निर्णय लिया और रद्द होने तक आंदोलन करने की चेतावनी दी। पिंडरा के मानापुर में गुरुवार को संयुक्त किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले प्रभावित गांवों के किसानों की हुई बैठक में किसानों ने प्रशासन के ऊपर किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाया। किसानों का कहना था पूर्व में जब आंदोलन चल रहा था तो प्रशासन द्वारा इस तरह की कोई योजना के तहत जमीन अधिग्रहण न करने की बात कह आंदोलन खत्म कराया था। किसानों ने अपने मांगो को मुख्यमंत्री तक पहुचाने व काशी द्वार योजना को बहुफसली जमीन से निरस्त करने की अपील की। बैठकर के दौरान सन्तोष पटेल, प्रेम नट, फतेहनारायन सिंह, अखिलेश कुमार, श्यामलाल, बच्चन,रामजी सिंह, मेवालाल, जितेंद्र कुमार , लक्ष्मण व जोखू समेत अनेक लोग रहे। उक्त बैठक में पिंडरा, मानापुर, रमईपुर, बसनी, कथौली, समोगरा, चकइन्दर, बेलवा, बहुतरा व पुरारघुनाथपुर गांव के किसान रहे।

### जीजा बना हैवान: किशोरी से किया दुष्कर्म, गर्भवती होने पर कराया प्रसव... नवजात शिशु का चार लाख में किया सौदा

नेवादा (प्रयागराज)। जन्म के बाद अस्पताल में किलकारी मार रहे बच्चे को तीन महीने बाद मां की गोद नसीब हुई। दुष्कर्म की शिकार एक मनोरोगी किशोरी ने उसे जन्म दिया था। आरोपियों ने धोखे से उसे बेचने की कोशिश की। मामला खुला तो बाल कल्याण समिति सक्रिय हुई। अब बच्चा मां की गोद में है। आरोपियों पर केस भी दर्ज हो गया है। सरायअकिल कोतवाली के महंगूपुर निवासी आरोपी की ससुराल चरवा कोतवाली इलाके के एक गांव में है। करीब साल भर पहले उसने अपनी मनोरोगी साली (14) के साथ दुष्कर्म किया। कुछ महीनों बाद किशोरी में शारीरिक परिवर्तन हुआ तो उसे गर्भ ठहरने का शक हुआ। इसके बाद वह भाग गया। सितंबर माह में किशोरी के पेट दर्द की शिकायत पर उसका एक अन्य जीजा दरहा गांव के झोलाछाप संदीप सरोज के पास ले गया। झोलाछाप किशोरी को लेकर जनता पॉली क्लीनिक जयंतीपुर सरायअकिल ले गया। यहां बताया गया कि प्रसव का समय पूरा हो चुका है। अस्पताल संचालक डॉ. आशीष मिश्रा ने पीड़ित परिवार से 14 हजार लेने के बाद प्रसव कराया। इसके बाद शिशु को किशोरी को देने के बजाय एक वार्ड आया को दे दिया गया। पिछले दिनों अफवाह फैली कि शिशु को चार लाख में एक निसंतान दंपती को बेचा जा रहा है।

### सिंभावली शुगर मिल मामला: कर्मचारियों और बैंकों की मिलीभगत से हुआ करोड़ों का घोटाला, सीबीआई जांच के आदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सिंभावली सुगर लिमिटेड कंपनी और बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से हुई करोड़ों की धोखाधड़ी तथा जनधन हड़पने के मामले की सीबीआई जांच का आदेश दिया है। साथ ही सीबीआई को भी सलाह दी है कि यदि मनी लांड्रिंग का मामला मिले तो प्रवर्तन निदेशालय की मदद लेकर नियमानुसार कार्रवाई करें। यह आदेश न्यायमूर्ति एमसी त्रिपाठी तथा न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने मेसर्स सिंभावली सुगर लिमिटेड की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। याचिका में एनसी एलटी के आदेश को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि आरबीआई ने एक जुलाई 2009 को सर्कुलर जारी कर सभी बैंकों को निर्देश दिया है कि जहां पांच करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी की गई हो बैंक उसकी रिपोर्ट बैंकिंग सिक्योरिटी एवं फ्राड सेल को तुरंत दे। किसी बैंक ने इस गाइडलाइन का पालन करना उचित नहीं समझा। ऋण भुगतान न करने पर एनपीए घोषित याची कंपनी को बिना ऋण या किसानों का भुगतान किए लगातार सात बैंकों से 1300 करोड़ का ऋण मिलता रहा। केन कमिश्नर ने किसानों का वर्ष 2022-23 का 376 करोड़ का भुगतान न करने वाली मिल को गन्ना खरीद की अनुमति जारी रखी।



# संसद सिक्योरिटी ब्रेक के 6 किरदार ऑनलाइन मिले, चार गिरफ्तार, दो फरार

**नई दिल्ली।** संसद पर आतंकी हमले के 22 साल बाद एक बार फिर सुरक्षा में सेंध लगी। लोकसभा में दो युवक विजिटर गैलरी से कूदे और पीले रंग का धुआं उड़ाने लगे। सुरक्षा में सेंध लगाने वाले दोनों लोगों को पहले सांसदों ने पीटा, फिर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। अभी तक की जांच में इस सिक्योरिटी ब्रेक के 6 किरदार सामने आए हैं। दो ने सदन के अंदर हंगामा किया, दो ने सदन के बाहर प्रदर्शन किया। ये चारों पुलिस की गिरफ्त में हैं। दो और लोग प्लानिंग में शामिल थे, इनमें से एक ने सभी को अपने घर में ठहराया था। उसे पुलिस ने पत्नी समेत हिरासत में ले लिया है। एक अभी भी फरार है। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि सागर शर्मा यूपी के लखनऊ का रहने वाला है। डी मनोरंजन कर्नाटक के मैसुरु से है। संसद के बाहर पकड़ी गई नीलम हरियाणा के हिसार की है। चौथा आरोपी अमोल शिंदे महाराष्ट्र के लातूर का रहने वाला है। सागर शर्मा और डी मनोरंजन लोकसभा में विजिटर गैलरी में बैठे थे। उन्हें कर्नाटक के मैसूर से बीजेपी सांसद प्रताप सिम्हा के कार्यालय से जारी पास पर एंट्री मिली थी। दिल्ली पुलिस का कहना है कि इन सभी की एक-दूसरे से मुलाकात ऑनलाइन हुई थी। सभी ने मिलकर संसद में हंगामे की योजना बनाई। पुलिस का कहना है कि अभी तक इस बात के सबूत नहीं मिले हैं कि इन सभी को आतंकी समूह ने भड़काया है। पुलिस ने सागर शर्मा और डी मनोरंजन के आधार कार्ड सहित अन्य जानकारी शेयर की है। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक, पकड़ी गई नीलम 42 साल की है और पेशे से टीचर है, साथ ही सिविल सेवा की पढ़ाई कर रही है।

## सभी को पनाह देने वाला पत्नी समेत पकड़ा गया भाजपा सांसद के विजिटर पास से गए थे दोनों







## जींद की रहने वाली है नीलम



नीलम हरियाणा के जींद जिले के घसो खुर्द गांव की रहने वाली है। पिछले 6 महीने से हिसार में पेइंग गेस्ट (पीजी) में रहकर हरियाणा सिविल सर्विस एग्जाम और हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा की तैयारी कर रही थी। घसो खुर्द गांव और हिसार में उसकी पीजी के आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि नीलम का राजनीति में इंट्रेस्ट था, लेकिन उसके संसद के बाहर प्रदर्शन की बात उनकी समझ से परे है। नीलम के छोटे भाई राम निवास ने कहा- हमें तो पता ही नहीं था कि वह दिल्ली गई है। वह सोमवार को आई थी, इसके बाद मंगलवार को वापस चली गई। हमें तो यही लगा था कि वह हिसार जा रही है। उसने कई बार बेरोजगारी का मुद्दा उठाया। वह किसान आंदोलन में भी गई थी। परिवार में मेरा बड़ा भाई और माता-पिता हैं। पिता हलवाई हैं जबकि मैं और मेरा भाई दूध का काम करते हैं।

## लखनऊ में ई-रिक्शा चलाता है सागर शर्मा

संसद की विजिटर्स गैलरी में कूदने वाले 2 युवकों में से एक सागर शर्मा लखनऊ का रहने वाला है। सागर का परिवार लखनऊ के आलमबाग के रामनगर में किराए के घर में रहता है। पूछताछ के लिए लखनऊ पुलिस उसके घर पहुंची। सागर की मां रानी शर्मा ने कहा कि बेटा धरना-प्रदर्शन करने की बात कहकर घर से गया था। सागर की छोटी बहन ने कहा कि भाई चार दिन पहले दिल्ली गया था। ज्यादा कुछ नहीं बताया था। दो महीने पहले बेंगलुरु से लौटा था। पिछले 15 सालों से सागर का परिवार लखनऊ में रह रहा है। पिता रोशनलाल कारपेंटर हैं। वह खुद लखनऊ में ई-रिक्शा चलाता है। सागर की मां ने बताया- बेटा कभी किसी से लड़ाई-झगड़ा नहीं करता था। परिवार में कुल मिलाकर चार लोग हैं। एक बहन, माता-पिता और सागर खुद। सागर की मां ने कहा, बेटा बहुत सीधा है, पता नहीं कैसे दिल्ली पहुंच गया। हमें बहुत जानकारी नहीं है। उधर, पड़ोसियों ने कहा कि हमें कभी इसकी जानकारी नहीं थी वह इन सब कामों में भी शामिल है। घर के पास ही नाना जगदीश, नानी उमा और मामा प्रदीप रहते हैं।



## गुरुग्राम के विक्की के घर रुके थे सभी आरोपी

संसद के अंदर और बाहर प्रदर्शन करने वाले सागर, मनोरंजन, नीलम और अमोल शिंदे दिल्ली जाने से पहले गुरुग्राम में रुके थे। इनके साथ ललित झा भी था। यह लोग गुरुग्राम के सेक्टर 7 की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले विक्की के घर रुके थे। विक्की शर्मा मूल रूप से हरियाणा के हिसार का रहने वाला है। यहीं के पीजी में संसद के बाहर प्रदर्शन करने वाली नीलम पिछले 6 महीने से रह रही थी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और केंद्रीय एजेंसियों की टीम ने विक्की शर्मा और उसकी पत्नी को भी हिरासत में ले लिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक ये चारों विक्की शर्मा के दोस्त हैं। इसके बाद शक जताया जा रहा है कि संसद भवन के बाहर प्रदर्शन और अंदर धुआं फैलाने की पूरी साजिश यहीं तो नहीं रची गई। जब आरोपी यहीं से दिल्ली गए तो फिर क्या उनके मोबाइल यहीं रखे गए थे।

## मनोरंजन, अमोल और ललित की जानकारी जुटा रही पुलिस

संसद के अंदर हंगामा करने वाला डी मनोरंजन मैसुरु, अमोल लातूर और ललित हरियाणा का रहने वाला है। इन तीनों के बारे में इससे ज्यादा जानकारी अभी बाहर नहीं आई है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि सभी से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां कर रही हैं। जांच पूरी होने के बाद ही वह इसकी सूचना सार्वजनिक करेंगे।



## नए संसद भवन की भारी सुरक्षा इंतजाम फिर कैसे हुई चूक



**थर्मल इमेजिंग, 360 डिग्री रोटेट सीसीटीवी कैमरे और फेस रिकग्निशन सिस्टम रखती है नजर**

संसद हमले की 22वीं बरसी पर नए संसद भवन की सुरक्षा में सेंध लगी। 13 दिसंबर को शीतकालीन सत्र के आठवें दिन दर्शक दीर्घा में मौजूद दो युवक सदन में कूद गए। अपने जूते में छिपाए स्मोक पाउडर को उड़ाया। लोकसभा में पीले रंग का धुआं फैल गया। घबराए हुए सांसदों ने हंगामा करने वालों को पकड़ा, जिन्हें सिक्योरिटी के हवाले कर दिया गया। अब लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने मामले की जांच कराए जाने की बात कही है। सभी सांसदों से अलग से मीटिंग कर सुझाव देने के लिए कहा है। अब संसद की सुरक्षा में चूक के इस मामले ने तूल पकड़ लिया है। विपक्षी सांसद सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। हाई सिक्योरिटी से लैस नई संसद में युवक पाउडर लेकर कैसे पहुंच गए। क्या उनकी चैकिंग नहीं की गई थी। इस सवालों के उठने का कारण यह है कि संसद में कई सारी सिक्योरिटी लेयर मौजूद हैं। एआई तकनीक, फेस रिकग्निशन, एडवांस सिक्योरिटी सिस्टम एक्टिव है। ऐसे में इस तरह की घटना ने संसद की सुरक्षा पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नए संसद भवन में एडवांस सीसीटीवी कैमरे, थर्मल इमेजिंग सिस्टम, सिक्योरिटी ऑपरेटिंग सेंटर, एडवांस टेक्नोलॉजी, आधुनिक हथियारों से लैस सुरक्षा बल, हाईलेवल अग्नि शमन प्रणाली संसद में मौजूद है। नए संसद भवन के बनने के दौरान संसद के सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने कई देशों का भी दौरा किया था। इसमें जाना था कि किसी भी आतंकी हमले या साइबर हमले से निपटने के लिए कौन सा सिस्टम बेहतर है। इस सभी को आधार बनाते हुए संसद की सिक्योरिटी प्लान की गई थी। यह भी सामने आया था कि संसद की नई इमारत में थर्मल इमेजिंग सिस्टम मौजूद है, जो संसद भवन परिसर में किसी भी तरह की घुसपैठ का आसानी से पता लगा सकता है। संसद भवन परिसर की निगरानी के लिए फेस रिकग्निशन सिस्टम से लैस एडवांस सीसीटीवी कैमरा मौजूद हैं, जो 360 डिग्री घूमकर हर मूवमेंट पर नजर रखते हैं। संसद की सुरक्षा में मौजूद सिक्योरिटी के पास आधुनिक हथियार और उपकरण हैं। साइबर अटैक से बचने के लिए नए संसद भवन में साइबर सुरक्षा के लिए दो अलग-अलग सिक्योरिटी ऑपरेटिंग सेंटर बनाए जाने की बात कही गई थी। संसद भवन परिसर में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को रोकने के लिए नए आई कार्ड से लेकर कई स्तर के सुरक्षा इंतजाम मौजूद हैं। इनमें बैरियर्स, चौकियों पर मौजूद आधुनिक हथियारों और उपकरणों से लैस सुरक्षा बल शामिल हैं।



## संसद सुरक्षा को लेकर लोकसभा स्पीकर गृह-मंत्रालय को लिखेंगे लेटर

देश की संसद में सुरक्षा चूक को लेकर लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने बुधवार शाम 4 बजे सभी पार्टियों के साथ मीटिंग की। इसमें उन्होंने बताया कि संसद की सुरक्षा चूक को लेकर वे गृह मंत्रालय को लेटर लिखेंगे। लोकसभा स्पीकर ने सदन में हुई घटना पर चिंता व्यक्ति की। सर्वदलीय बैठक में तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। दरअसल, लोकसभा की कार्यवाही के दौरान जो दो लोग विजिटर्स गैलरी से नीचे कूदे थे, उनमें एक युवक भाजपा सांसद का गेस्ट बनकर आया था। युवकों ने सदन में पीले रंग का धुआं फैला दिया था। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने बैठक के बाद कहा कि पिछले कई दिनों से चर्चा थी कि कुछ आतंकी संगठन 13 दिसंबर को संसद पर हमला कर सकते हैं। केंद्र सरकार को इसकी जानकारी थी। फिर भी इस तरह की चूक हुई। हमने स्पीकर से इस घटना की जांच का अनुरोध किया है। संसद में सुरक्षा चूक को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- गृह मंत्री अमित शाह को दोनों सदनों में आकर इस घटना पर बयान देना चाहिए। हमें उम्मीद है कि सरकार इसे बहुत गंभीरता से लेगी।

**सर्वदलीय बैठक में जानकारी दी, अधीर रंजन बोले- हमले की जानकारी थी, फिर भी चूक हुई**

### संसद के अंदर विजिटर्स की एंट्री बंद की गई

संसद में सुरक्षा चूक की घटना के बाद विजिटर्स की एंट्री रोक दी गई है। विजिटर्स पास लेकर आए लोगों को रिसेप्शन एरिया से वापस भेज दिया गया। आज सुबह कई सांसदों की पत्नी संसद की नई बिल्डिंग देखने आई थीं। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि विजिटर्स एंट्री रोकने को लेकर अब तक कोई लिखित निर्देश नहीं आया है। आमतौर पर विजिटर पास दो घंटे के लिए जारी किए जाते हैं।

## शिवराज-वसुंधरा को कद के हिसाब से देंगे काम: नड्डा

**नई दिल्ली।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में जब उनसे मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हम सभी को नया काम सौंपेंगे। ये सभी हमारे वरिष्ठ नेता हैं।

बीजेपी एक साधारण कार्यकर्ता का भी उपयोग करने से पीछे नहीं रहती। ये तो हमारे वरिष्ठ नेता हैं। इन्हें भी काम सौंपेंगे। इन्हें इनके कद के हिसाब से काम सौंपेंगे। और अच्छे काम में लगाएंगे। जब उनसे पूछा गया कि जब वह शिवराज, वसुंधरा या रमन सिंह से बात करते हैं तो क्या उनकी तरफ से बागी तेवर देखने को मिलते हैं। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि ह्यूमन एंगल को समझकर ह्यूमन डीलिंग करना बीजेपी के कार्यकर्ताओं को आता है। जब मैं ये काम करता हूं तो सबसे पहले हम ऐसा वातावरण बनाते हैं कि उन्हें ऐसा महसूस न हो।

**कांग्रेस में किसी के पास मॉरल राइट नहीं है, क्योंकि वहां लोग कुर्सी से चिपके हुए हैं**

उन्होंने कहा कि दिक्कत तब आती है, जब आपके इरादे कुछ और हों, एजेंडा कुछ और हो आप बोल कुछ और रहे हैं, लेकिन हमारे साथ ऐसा कुछ भी नहीं है। नड्डा ने कहा कि जब हम अपने नेताओं से कह देंगे कि बैठ जाओ, तो ये शब्दावली गलत है, लेकिन मैं कहता हूं कि आपका योगदान बहुत ज्यादा है अब हम कुछ नए की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। इसमें आपका सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि मैं लोगों से कहना चाहता हूं कि पार्टी आज सफल नहीं हुई है, ये कई सालों की तपस्या के कारण ऐसा हुआ है।

## महुआ की याचिका पर फैसला लेंगे सीजेआई

**नई दिल्ली।** कैश फॉर क्वैरी में अपनी संसद सदस्यता गंवा चुकी महुआ मोइत्रा ने सुप्रीम कोर्ट में लोकसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती दी है। पूर्व सांसद की याचिका पर बुधवार को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि महुआ मोइत्रा के लोकसभा से निष्कासन को चुनौती देने वाली याचिका को सूचीबद्ध करने पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ फैसला लेंगे। बता दें कि महुआ पर पैसे लेकर संसद में प्रश्न पूछने का आरोप है। महुआ की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के जज संजय किशन कौल और सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा कि मोइत्रा की याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने की अपील की गई थी। जज कौल ने वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से कहा कि इस पर फैसला सीजेआई लेंगे।

## थाईलैंड के सांसद को 6 साल की जेल

**बैंकाक।** थाईलैंड की एक अदालत ने शाही अपमान के आरोप में मूव फॉरवर्ड पार्टी के एक विधायक को छह साल जेल की सजा सुनाई। समाचार एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, रुकचानोक श्रीनोर्क को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर दो संदेशों को दोबारा पोस्ट करने के लिए लेज़ मैजेस्टे और कंप्यूटर अपराध अधिनियम का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया था। पार्टी ने देश में मई के आम चुनाव में सबसे अधिक सीटें जीतीं लेकिन उसे सरकार बनाने से रोक दिया गया क्योंकि उसे थाईलैंड के सख्त शाही मानहानि कानूनों में सुधार की प्रतिज्ञा पर विरोध का सामना करना पड़ा। मएफपी नेता चैथावत तुलाथॉन ने एएफपी को बताया कि रचानोक श्रीनोर्क को 112 (लेस मैजेस्टे) आरोप में तीन साल और कंप्यूटर अपराध अधिनियम आरोप पर तीन साल की सजा सुनाई गई थी। अदालत ने आरोपों और सजा की पुष्टि करते हुए एक बयान भी जारी किया और घोषणा की कि उसने सजा दे दी है। थाईलैंड में दुनिया का सबसे सख्त लेज़-मैजेस्टे कानून है जो राजा महा वजिरालोंगकोर्न और उनके करीबी परिवार को आलोचना से बचाता है। आलोचकों ने कहा है कि इस कानून का इस्तेमाल असहमति को दबाने के लिए किया गया है।

## 100 रेल कर्मियों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुरस्कृत करेंगे रेल मंत्री

**नई दिल्ली।** रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव 15 दिसंबर को यहां आयोजित 68वें रेल पुरस्कार समारोह में देश भर के 100 रेलवे कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुरस्कृत करेंगे। प्रगति मैदान के भारत मंडपम में आयोजित समारोह में श्री वैष्णव क्षेत्रीय रेलवे, उत्पादन इकाइयों और पीएसयू के लिए 21 शील्ड भी प्रदान करेंगे।इस अवसर पर रेल, कोयला और खनन राज्य मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे, रेल और कपड़ा राज्य मंत्री दर्शना जरदोश, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ जया वर्मा सिन्हा और सदस्यों समेत सभी क्षेत्रीय रेलवे, रेलवे की उत्पादन इकाईयों और रेलवे के सार्वजनिक उपक्रमों के महाप्रबंधक भी उपस्थित रहेंगे।

## संरा को युद्धविराम मतदान के पक्ष में भारी बहुमत प्राप्त

**संरा।** इजराइल-फिलिस्तीन के बीच जारी संघर्ष को तत्काल रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र (संरा) महासभा ने अपने द्वारा कराए गए मतदान में 153 देशों से भारी बहुमत प्राप्त हुआ है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा मंगलवार को 193 मजबूत एसेंबली में 153 सदस्य देशों ने पक्ष में मतदान किया जबकि अमेरिका और इज़रायल सहित 10 देशों ने विरोध में मतदान किया, जबकि 23 सदस्य अनुपस्थित रहे। फिलस्तीनी प्रतिनिधि रियाद मंसूर ने कहा कि यह एक 'ऐतिहासिक दिन' है। महासभा द्वारा शत्रुता को रोकने का दूसरा प्रयास था। अक्टूबर में, इसने 'मानवीय संघर्ष विराम' का आह्वान किया था जिसको लेकर पारित प्रस्ताव में पक्ष में 121 वोट, विपक्ष में 14 वोट और 44 अनुपस्थित मिले थे। विश्लेषकों ने कहा कि हालांकि गैर-बाध्यकारी, ऐसे प्रस्तावों को अंतरराष्ट्रीय राय के एक शक्तिशाली उपाय के रूप में देखा जाता है।

**पारित प्रस्ताव के पक्ष में 121 वोट, विपक्ष में 14 वोट और 44 अनुपस्थित मिले**

## संक्षिप्त खबरें

### बीटएक्सपी की बिक्री बढ़ी

नई दिल्ली। स्मार्ट डिवाइस कंपनी बीटएक्सपी की बिक्री इस साल सितंबर से नवम्बर के बीच त्योहारी सीजन में 11 गुना होकर करीब 250 करोड़ रुपये रही। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। फिटनेस टेक्नोलॉजी उत्पाद की बिक्री करने वाली कंपनी बीटएक्सपी ने दावा किया कि एक साल पहले सितम्बर-नवम्बर त्योहारी सीजन में केवल 22 करोड़ रुपये की बिक्री हुई थी। बीटएक्सपी के वरिष्ठ अधिकारी आशीष धुवन ने कहा, 'सितम्बर, अक्टूबर और नवम्बर में त्योहारी सीजन के दौरान रिकॉर्ड 250 करोड़ रुपये की बिक्री हुई।'

### ब्रांड एंबेसडर बनीं अतिया

मुंबई। फैशन प्रौद्योगिकी मंच लेहलाह ने बुधवार को बॉलीवुड अभिनेत्री और फैशन दिग्गज अतिया शेट्टी को नया ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। कंपनी ने बयान में कहा कि अतिया को लेकर पहला वीडियो अभियान शुरू किया गया है। लेहलाह ऐप के जरिये एक क्लिक के साथ निर्माता की सामग्री से जुड़े उत्पादों को सीधे खरीदा जा सकता है। इसकी मदद से कई खाते बनाने या कई मंचों पर जाने की जरूरत खत्म हो जाती है। लेहलाह की संस्थापक आशना रुइया ने कहा, 'हम अतिया शेट्टी के साथ अपना पहला ब्रांड अभियान शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। हमारा अभियान आनलाइन खरीदारी को बदलने के लिए लेहलाह की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।'

### विकास इको. ने कर्ज चुकाया

नई दिल्ली। पुनर्चक्रण कंपनी विकास इकोटेक ने अपना 119 करोड़ रुपये का कर्ज चुका दिया है। कंपनी ने इस वित्त वर्ष के अंत तक कर्ज मुक्त होने का लक्ष्य रखा है। कंपनी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, उसका बकाया ऋण अब 42.5 करोड़ रुपये है। विकास इकोटेक के एक अधिकारी ने बयान में कहा, 'इस वित्त वर्ष में हमने अभी तक अपने ऋणदाताओं का 118.70 करोड़ रुपये अदा किए हैं। अब हमारा लक्ष्य वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक ऋण मुक्त कंपनी बनना है।' कंपनी पुनर्चक्रण के जरिए पीईटी (पॉलीइथाइलीन टेरेफ्थेलेट) यौगिकों और पीवीसी यौगिकों की एक विस्तृत श्रृंखला का निर्माण करती है।

### टीटागढ़ रेल ने पूंजी जुटाई

नई दिल्ली। टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड ने पात्र संस्थागत खरीदारों को नए शेयर जारी कर 699.9 करोड़ रुपये जुटाए हैं। टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएसएल) को पहले टीटागढ वैगन्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था। कंपनी का निर्गम सात दिसम्बर को खुला और मंगलवार को बंद हो गया। कंपनी ने कहा कि क्यूआईपी अपनी बैठक में पात्र योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) को 933 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के निर्गम मूल्य पर 75,02,679 इक्विटी शेयर के निर्गम तथा आवंटन को मंजूरी दे दी जो कुल मिलाकर 69,999.99 लाख रुपये के हैं।'

### गोल्स101 का अधिग्रहण

मुंबई। डिजिटल बैंकिंग की ढांचागत सेवाएं मुहैया कराने वाली कंपनी एम2पी फिनटेक ने बुधवार को कहा कि उसने लेनदेन व्यवहार सूचना फर्म गोल्स101 का करीब 250 करोड़ रुपये में अधिग्रहण किया है। दोनों कंपनियों ने संयुक्त बयान में कहा कि यह अधिग्रहण अपने ग्राहकों के लिए डिजिटल बैंकिंग उत्पादों में उच्चस्तर का वैयक्तिकरण लाने के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा। गोल्स101 का लेनदेन व्यवहार संबंधी सॉफ्टवेयर उन्नत गणना-पद्धति एवं विश्लेषण टूल पर चलता है। यह उपभोक्ताओं के लेनदेन के तरीके के बारे में अंतर्दृष्टि देने के साथ कार्रवाई-योग्य योजना बनाता है। गोल्स101 की स्थापना विशम सिकंद, मिलन नाइक, अंशुमान, इशांक व अनुपम ने मिलकर की थी।

### रेलकर्मियों को पेंशन देगा बंधन

कोलकाता। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शहर स्थित बंधन बैंक को सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों को पेंशन देने के लिए अधिकृत किया है। निजी ऋणदाता बंधन बैंक की ओर से जारी बयान के अनुसार, पेंशन संवितरण प्रक्रिया को संचालित करने के लिए बैंक जल्द ही अपनी प्रणाली को रेल मंत्रालय के साथ एकीकृत करेगा। आरबीआई की यह मंजूरी बैंक को देश भर में रेलवे के 17 क्षेत्रीय कार्यालयों तथा आठ उत्पादन इकाइयों में हर साल करीब 50,000 सेवानिवृत्त लोगों तक पहुंच प्रदान करेगा। बंधन बैंक के प्रमुख (गवर्नमेंट बिज़नेस) देबराज सहा ने कहा, 'भारतीय रेलवे देश के सबसे बड़े नियोक्ताओं में से एक है।(एजेंसी)

# अब तक के निचले स्तर पर पहुंचा रुपया

■ डालर के मुकाबले चार पैसे नीचे 83.41 रुपये प्रति डालर पर हुआ बंद

मुंबई (भाषा)।

विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा में मजबूती के बीच बुधवार को भारतीय रुपया अमेरिकी डालर के मुकाबले चार पैसे टूटकर अपने सर्वकालिक निचले स्तर 83.41 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट के चलते रुपये को कुछ समर्थन मिला। दूसरी ओर शेयर बाजारों में सुस्ती ने स्थानीय मुद्रा पर दबाव बढ़ाया। कच्चा तेल 76 डॉलर प्रति बैरल से टूटकर 73 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 83.39 पर खुला और दिन के कारोबार में 83.38-83.41 के सीमित दायरे रहा।

रुपया अंत में अपने सर्वकालिक निचले स्तर 83.41 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से चार पैसे की गिरावट है। रुपया मंगलवार को डॉलर के मुकाबले 83.37 पर बंद हुआ था। इससे पहले रुपया इस साल 24 नवंबर को अपने सबसे निचले स्तर 83.40 पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों को बुधवार को घोषित होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति का इंतजार है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशनि वाला डॉलर सूचकांक बुधवार को 0.09 प्रतिशत बढकर 103.55 पर पहुंच गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.38 प्रतिशत गिरकर 72.96 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के भाव पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को शुद्ध रूप से 76.86 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।



■ वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से रुपये को मिला हल्का समर्थन

## भारत में निवेश के अपार अवसर : पीयूष गोयल

नई दिल्ली (भाषा)।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि विदेशी निवेशकों को भारत में कारोबार के अवसर तलाशने चाहिए। भारत एक बड़ा घरेलू बाजार है और यहां निवेश के अनुकूल माहौल है।

मंत्री ने कहा कि कुशल श्रम की उपलब्धता, सभी निवेशकों के साथ समान व्यवहार और आकांक्षी युवा आबादी के चलते यहां निवेश करना लाभप्रद है। उन्होंने एक निवेश सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, "भारत में निवेश के अवसर बहुत तेजी से बढ रहे हैं और निवेश पर अच्छा प्रतिफल मिल रहा है। मैं आपको पूर्वोत्तर राज्यों तथा जम्मू-कश्मीर में संभावनाएं तलाशने के लिए भी आमंत्रित करता हूं।'

# जावा, यजदी की कंपनी को मिलेगा निवेश

■ बाहरी निवेशकों के साथ मिलकर 875 करोड़ रुपये निवेश करेगी महिंद्रा

■ वर्ष 2018 में जावा को किया गया था रिलांच ■ सीएलपीएल ने पिछले साल रिलांच की थी यजदी

नई दिल्ली (भाषा)।

घरेलू वाहन विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बुधवार को कहा कि वह बाहरी निवेशकों के साथ मिलकर क्लासिक लीजेंड्स प्राइवेट लिमिटेड (सीएलपीएल) में 875 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

सीएलपीएल के पास जावा, यजदी और बीएसए जैसे ब्रांड का स्वामित्व है। इसने गुजरे दौर के लोकप्रिय मोटरसाइकिल ब्रांड जावा को 2018 में और यजदी को पिछले साल भारतीय बाजार में दोबारा पेश किया था।



मुंबई स्थित महिंद्रा एंड महिंद्रा ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वह अगले दो-तीन साल में बाहरी निवेशकों के साथ मिलकर सीएलपीएल में 875 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इस निवेश में महिंद्रा की हिस्सेदारी 525 करोड़ रुपये की होगी। कंपनी ने कहा कि इस निवेश के बाद सीएलपीएल की चुकता शेयर पूंजी का 60 प्रतिशत उसके पास बना रहेगा।

एकल आधार पर सीएलपीएल ने वित्त वर्ष 2022-23 में 709.74 करोड़ रुपये का परिचालन राजस्व अर्जित किया था। गौरतलब है कि एक जमाने में जावा और यजदी मोटरसाइकिल काफी लोकप्रिय थीं।

# वर्ष 2025 तक 5000 अरब डालर की अर्थव्यवस्था बनना असंभव

■ रघुराम राजन ने कहा, वृद्धि दर मजबूत होने के बावजूद निजी खपत व निवेश नहीं बढ़ा

नई दिल्ली (भाषा)।

बुनियादी ढांचे पर खर्च और दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के अच्छे प्रदर्शन के कारण चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) तेजी से बढ़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने यह बात कही है। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि भारत को अभी काफी कुछ करने की जरूरत है और 2025 तक 5,000 अरब अमेरिकी डालर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य लगभग असंभव है।

राजन ने आगे कहा कि भारत की वृद्धि दर मजबूत होने के बावजूद निजी निवेश और निजी खपत में तेजी नहीं आई है। उन्होंने कहा, 'तो अगर आप देखें कि हमने इस साल इतना अच्छा प्रदर्शन क्यों किया है, तो हमारे इतना अच्छा प्रदर्शन करने का एक कारण यह भी है कि दुनिया अच्छा कर रही है।' राजन ने कहा, 'पहली छमाही में इस बेहद मजबूत वृद्धि का दूसरा कारण बुनियादी ढांचे पर जबर्दस्त सरकारी खर्च है।' भारत ने दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था का दर्जा बरकरार रखा है। सरकारी खर्च और विनिर्माण से मिली मजबूती के चलते जुलाई-सितम्बर तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही है।



राजन ने कहा कि पिछले चार साल में भारतीय अर्थव्यवस्था सालाना औसतन लगभग चार प्रतिशत की दर से बढ़ी है। उन्होंने कहा, 'यह हमारी वृद्धि क्षमता छह प्रतिशत से काफी कम है। आपने कहा कि मुद्रास्फीति नियंत्रित है। मुद्रास्फीति नियंत्रित होने का एक कारण यह है कि हम अपनी संभावित दर से नहीं बढ़े हैं।' प्रख्यात अर्थशास्त्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को बहुत तेजी से वृद्धि करने की जरूरत है, क्योंकि पर्याप्त संख्या में नौकरियां नहीं तैयार हो रही हैं। राजन के अनुसार, जबतक कोई 'चमत्कार' नहीं होता, भारत के लिए 2025 तक 5,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना लगभग असंभव है।

उन्होंने समझाया, 'इस समय हम शायद 3,500 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं और 5,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए आपको अगले दो वर्षों में 12 से 15 प्रतिशत की दर से बढ़ना होगा।'

## ऊर्जा बदलाव पर 100 अरब डालर का निवेश करेगा अडाणी समूह

नई दिल्ली (भाषा)।

उद्योगपति गौतम अडाणी की अगुवाई वाला अडाणी समूह अगले 10 साल में अपने बंदरगाह, बिजली और सीमेंट परिचालन में हरित ऊर्जा बदलाव के लिए 100 अरब अमेरिकी डालर का निवेश करेगा। समूह का लक्ष्य 2050 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जक बनना है।

समूह की ओर से जारी बयान के अनुसार ऊर्जा बदलाव हासिल करने की दिशा में उसकी कंपनियां अगले दशक में 100 अरब डालर का निवेश करेंगी। इसमें से 70 प्रतिशत निवेश स्वच्छ ऊर्जा के लिए होगा। समूह ने अपनी पांच कंपनियों अडाणी ग्रीन एनर्जी, अडाणी एनर्जी सोल्यूशंस, अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड, एसीसी और अंबुजा सीमेंट्स के लिए 2050 या उससे पहले शुद्ध शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने की योजना बनाई है।

उद्योगपति गौतम अडाणी नीत समूह सक्रिय रूप से नवीकरणीय ऊर्जा की 'सोर्सिंग' कर रहा है। समूह संचालन का विद्युतीकरण कर रहा है और जैव ईंधन को अपना रहा है।

# स्टार्टअप नियम सरल बनाने की सलाह

■ भारतीय-अमेरिकी उद्यम पूंजीपति ने नियमों की समीक्षा के लिए आयोग बनाने को कहा

माउंटेन व्यू (अमेरिका), (भाषा)।

सिलिकॉन वैली के एक शीर्ष भारतीय-अमेरिकी उद्यम पूंजीपति ने भारत से स्टार्टअप को नियंत्रित करने वाले नियमों व विनियमों की समीक्षा के लिए एक अल्पकालिक अंतर-मंत्रालयी आयोग बनाने का आग्रह किया है। टीआईई सिलिकॉन वैली के पूर्व अध्यक्ष वेंकटेश शुक्ला ने कैलिफोर्निया में एक बातचीत में कहा कि (भारत) सरकार को स्टार्टअप और व्यवसायों पर अनुपालन बोझ को कम करने पर ध्यान देना चाहिए।



उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण कदम जो वह उठा सकते हैं, वह एक अंतर-मंत्रालयी, अंतर-विभागीय अल्पकालिक आयोग या एक समिति बनाना है। जो सभी विभागों में स्टार्टअप को नियंत्रित करने वाले नियमों व विनियमों पर नए सिरे से विचार करे'। शुक्ला देश में स्टार्टअप से संबंधित मुद्दों पर भारत सरकार और कई राज्य सरकारों के सलाहकार रहे हैं। उन्होंने कहा, 'एक प्रधानमंत्री के तौर पर उन्होंने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि स्टार्टअप की सफलता भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। वे नई नौकरियों का सृजन करते हैं। वे अर्थव्यवस्था में गतिशीलता लाते हैं। अमेरिका के सौ से अधिक वर्षों से इतने सफल होने का कारण नवाचार है।' शुक्ला ने कहा, 'दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में अमेरिका की सापेक्ष जीडीपी पीढ़ी दर पीढी नवाचार के कारण काफी हद तक स्थिर बनी हुई है।' उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, 'ऐसी कोई वजह नहीं है कि भारत उस स्तर पर नहीं पहुंच सकता। मेरा मानना है कि जब नवाचार की बात आती है, बुद्धिमता की बात आती है, तो भारतीय किसी से पीछे नहीं हैं। गूगल क्यों नहीं है? फेसबुक क्यों नहीं है? भारत से कोई ओपन एआई क्यों नहीं आ रहा है? यह उनके प्रबंधन (और विनियम संबंधी मुद्दों) के कारण है।'

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के तहत भारत ने डिजिटल क्षेत्र में आश्चर्यजनक प्रगति की है। शुक्ला ने कहा, '(भारत) सरकार को केवल स्टार्टअप और व्यवसायों पर अनुपालन बोझ को कम करने पर ध्यान देना चाहिए। बाकी काम भारत में मौजूदा प्रतिभाएं कर देंगी।'

## सोना 80 रुपये टूटा, चांदी में 700 रुपये की गिरावट

नई दिल्ली (भाषा)।

कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 80 रुपये की गिरावट के साथ 61,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोने की कीमत 61,900 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। चांदी की कीमत भी 700 रुपये की गिरावट के साथ 75,050 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

वैश्विक बाजारों में सोना गिरावट के साथ 1,981 डालर प्रति औंस रह गया, जबकि चांदी गिरावट के साथ 22.70 डालर प्रति औंस पर आ गई। कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 1,981 डालर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से आठ डालर की गिरावट है।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सौमिल गांधी ने कहा, 'अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के नवम्बर में थोड़ा बढ़ने के बाद कॉमेक्स सोना कई सप्ताह के निचले स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# सेवा क्षेत्र का निर्यात 192 अरब डालर पर

नई दिल्ली (भाषा)।

चालू वित्त वर्ष में अभी तक देश का सेवा निर्यात 192 अरब अमेरिकी डालर तक पहुंच गया है। इसके 2023-24 के अंत तक 400 अरब अमेरिकी डालर तक पहुंचने की उम्मीद है। एसईपीसी ने बुधवार को यह बात कही।




सेवा निर्यात संवर्धन परिषद (एसईपीसी) के अनुसार, प्रमुख क्षेत्र जो स्वस्थ वृद्धि दर दर्ज कर रहे हैं उनमें दूरसंचार, कंप्यूटर, सूचना और परिवहन एवं यात्रा शामिल हैं। परिषद क्षेत्र की वृद्धि को गति देने के लिए रणनीति भी तैयार कर रहा है।

परिषद ने कहा, 'नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार सेवा क्षेत्र ने 400 अरब अमेरिकी डालर के लक्ष्य में से 191.97 अरब अमेरिकी डालर से अधिक का लक्ष्य हासिल कर लिया है।' एसईपीसी के चेयरमैन कारन राठौर ने कहा, 'एसईपीसी में हमारा मकसद स्पष्ट है, 2024 तक भारत के सेवा क्षेत्र को 400 अरब अमरीकी डालर और 2030 तक 1000 अरब अमरीकी डालर का सेवा निर्यात हासिल करने के लक्ष्य से आगे बढ़ना है।'

सेवा निर्यात संवर्धन परिषद की स्थापना वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने की है। इसका काम वैश्विक व्यापार अवसरों को सुविधाजनक बनाना है।

## विनिर्माण क्षेत्र में निवेश के मामले में गुजरात शीर्ष पर पहुंचा


■ इस सूची में महाराष्ट्र दूसरे नंबर पर रहा
■ कोलियर्स की सूची में तमिलनाडु नंबर तीन पर
■ भारत की अग्रणी विनिर्माण ताकत बनेगा गुजरात

नई दिल्ली (भाषा)।

गुजरात विनिर्माण क्षेत्र में निवेश के मामले में पहले स्थान पर है। संपत्ति सलाहकार कोलियर्स इंडिया ने यह जानकारी दी।

कोलियर्स इंडिया ने बुधवार को बयान में कहा कि उद्योग लगाने के लिए सस्ती जमीन, श्रम की उपलब्धता के कारण और सरकार के प्रोत्साहनों के कारण गुजरात अन्य राज्यों के मुकाबले अच्छी स्थिति में है। संपत्ति सलाहकार ने कहा कि इस सूची में महाराष्ट्र दूसरे और तमिलनाडु तीसरे स्थान पर हैं।

कोलियर्स इंडिया ने कहा, 'गुजरात भारत की अग्रणी विनिर्माण शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। भारत में निवेश करने के लिए शीर्ष क्षेत्रों में गुजरात पहले स्थान पर है। उसके बाद महाराष्ट्र और तमिलनाडु का नंबर आता है।'



सलाहकार ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के सभी नीतिगत प्रोत्साहनों और विभिन्न पहल के साथ भारतीय विनिर्माण बाजार 2025-26 तक 1,000 अरब अमेरिकी डालर तक पहुंच सकता है। बयान के मुताबिक, गुजरात प्रमुख बंदरगाहों, सड़क मार्गों और रेलवे के जरिए अच्छी तरह जुड़ा हुआ है।

प्रदेश सरकार अन्य राज्यों की तुलना में सस्ती दर पर पानी, बिजली और नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन भी उपलब्ध कराती है।

## अंतिम घंटे की लिवाली से सेंसेक्स में 34 अंक की मामूली बढ़त

मुंबई (भाषा)।

स्थानीय शेयर बाजारों में एक दिन की गिरावट के बाद बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 34 अंक के मामूली लाभ में रहा। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर पर निर्णय से पहले निवेशकों के सतर्क रुख के बीच पूंजीगत सामान बनाने वाली कंपनियों, वाहन और ऊर्जा शेयरों में अंतिम घंटे की लिवाली से बाजार में तेजी रही।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 33.57 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की बढत के साथ 69,584.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 450.47 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी 19.95 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की हल्की बढ़त के साथ 20,926.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, पावर ग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, सन फार्मा, भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन और टाटा स्टील प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फाइनेंस शामिल हैं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे।

# सिप के जरिए म्यूचुअल फंड में 1.66 लाख करोड़ रुपये निवेश

■ साल 2023 में नवम्बर माह तक हुआ है यह निवेश ■ बीते पूरे साल में हुआ था करीब 1.5 करोड़ का निवेश

नई दिल्ली (भाषा)।

व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) के जरिए म्यूचुअल फंड में निवेश साल 2023 के पहले 11 महीनों में बढ़कर 1.66 लाख करोड़ रुपये हो गया। उद्योग निकाय एम्फी ने यह जानकारी दी है।

एसआईपी के जरिये न्यूनतम निवेश की सीमा को 250 रुपये करने के सेबी के निर्णय से आने वाले समय में इस निवेश राशि में और उछाल आने की संभावना है। एसोसिएशन आफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, इस साल नवंबर तक एसआईपी के जरिये किया गया कुल निवेश 1.66 लाख करोड़ रुपये रहा।

यह राशि 2022 के समूचे साल में 1.5 लाख करोड़ रुपये, 2021 में 1.14 लाख करोड़ रुपये, 2020 में 97,000 करोड़ रुपये रही थी। मोतीलाल ओसवाल एएमसी के मुख्य कारोबार अधिकारी अखिल चतुर्वेदी ने उम्मीद जताई कि समग्र एसआईपी भागीदारी में साल-दर-साल लगातार स्वस्थ दर से वृद्धि जारी रहेगी। उन्होंने कहा, 'उत्साही आर्थिक दृष्टिकोण और बढ़ी हुई बाजार भागीदारी के साथ एक अनुशासित और सुलभ निवेश विकल्प के रूप में एसआईपी को निवेशकों का साथ बने रहने की संभावना है।




स्वस्थ रिटर्न की संभावना को देखते हुए एसआईपी में तेजी का रुझान समूचे 2024 तक जारी रहने की उम्मीद है।'

उद्योग विशेषज्ञों ने निवेश में वृद्धि के लिए कई कारकों को जिम्मेदार ठहराया है। इनमें एम्फी की तरफ से फैलाई जा रही जागरूकता, जनसांख्यिकी, इक्विटी निवेश पर मजबूत रिटर्न और निवेश में सहूलियत शामिल हैं। एसआईपी म्यूचुअल फंड कंपनियों की तरफ से पेश एक निवेश पद्धति है। इसमें एक व्यक्ति एकमुश्त निवेश के बजाय किसी चुनी हुई योजना में समय-समय पर निश्चित अंतराल पर एक निश्चित राशि का निवेश कर सकता है।

वर्तमान में एसआईपी की न्यूनतम मासिक किस्त 500 रुपये तक हो सकती है। लेकिन बाजार नियामक सेबी ने इसे और लोकप्रिय बनाने के लिए एसआईपी निवेश की न्यूनतम सीमा को 250 रुपये करने का फैसला किया है।

मासिक एसआईपी अंशदान दिसंबर, 2022 के 11,305 करोड़ रुपये से बढकर नवंबर, 2023 में 17,073 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इससे पहले, सितंबर और अक्टूबर में एसआईपी से मासिक योगदान 16,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा था।

## श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने किया नई सिलेक्शन कमेटी का ऐलान, उपुल थरंगा बने चेयरमैन

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) ने बुधवार को नई सिलेक्शन कमेटी का ऐलान किया है, जो दो साल तक राष्ट्रीय टीम का चयन करेगी। श्रीलंका के पूर्व कप्तान उपुल थरंगा को पांच सदस्यीय चयन समिति का चेयरमैन बनाया गया है। वहीं, पूर्व मिस्ट्री स्पिनर अजंता मेंडिस के अलावा इंडिका दे सरम, थरंगा परनविताना और दिलरुवान परेरा कमेटी का हिस्सा हैं। इस समिति का पहला असाइनमेंट जिम्बाब्वे के खिलाफ सीमित ओवर सीरीज के लिए श्रीलंका टीम का चयन करना है। जिम्बाब्वे को जनवरी 2024 में श्रीलंका दौरे पर तीन वनडे और तीन टी-20 मैच खेलने हैं। नई समिति की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। इस समिति की नियुक्ति खेल और युवा मामलों के मंत्री हरिन फर्नांडो द्वारा की गई है।

## प्रदेश की अमी कमानी राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले में

**चेन्नई, (एजेंसी)।** मौजूदा चैंपियन मध्य प्रदेश की अमी कमानी 90वीं राष्ट्रीय बिलियर्ड्स और स्नूकर चैंपियनशिप में महिलाओं के 15-रेड स्नूकर खिताब के लिए तमिलनाडु की अनुपमा रामचंद्रन से भिड़ेंगी। बुधवार के सेमीफाइनल में, एमी ने पिछले साल की उपविजेता कर्नाटक के कीर्तन पांडियन को 3-0 से हराया । वहीं अनुपमा ने सुनीति दमानी समान अंतर से हराया, जिसमें 36, 38 और 62 का ब्रेक शामिल था। पिछले साल बिलियर्ड्स और स्नूकर दोनों में शीर्ष -8 में रहने के बाद अनुपमा की नजर अपने पहले सीनियर राष्ट्रीय खिताब पर है। इस साल, वह आईबीएसएफ विश्व अंडर-21 स्नूकर चैंपियनशिप में कीर्तना के बाद उपविजेता रही और पिछले महीने आईबीएसएफ विश्व 6-रेड स्नूकर चैंपियनशिप में विद्या पिल्लई के बाद दूसरे स्थान पर रही।

## आईसीसी ने उस्मान ख्वाजा के संदेश वाले जूते पहनने पर लगाई रोक

**पर्थ,(एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को उन जूतों को पहनने की अनुमति नहीं दी जिस पर उन्होंने जाहिर तौर पर गाजा के संदर्भ में कुछ संदेश लिखे थे। पाकिस्तानी मूल के इस क्रिकेटर ने मंगलवार को अभ्यास सत्र के दौरान जो जूते पहन रखे थे उन पर सभी जीवन समान हैं। स्वतंत्रता मानव का अधिकार है। जैसे संदेश लिखे हुए थे। रिपोर्ट के अनुसार उनकी योजना पाकिस्तान के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के दौरान इन जूतों को पहनने की थी। आईसीसी के नियम हालांकि इस तरह की गतिविधियों को अनुमति नहीं देते हैं और बुधवार को इसकी पुष्टि भी कर दी गई कि यह 36 वर्षीय बल्लेबाज इन जूतों को पहनकर मैदान पर नहीं उतरेगा।

## पैरा खेलों में प्रणव सूरमा ने जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** हरियाणा के प्रणव सूरमा ने बुधवार को खेलो इंडिया पैरा खेलों में एफ51 पुरुष क्लबथ्रो स्पर्धा में अपना एशियाई पैरा खेलों का रिकॉर्ड बेहतर करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने 33.54 मीटर की दूरी से पहला स्थान हासिल किया और हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों के दौरान 30.01 मीटर के प्रयास से बेहतर प्रदर्शन किया।

# अंतिम टी-20 में सीरीज बराबर करने के इरादे से उतरेगा भारत

### दक्षिण अफ्रीका की नजरें क्लीन स्वीप पर, मैच आज रात 8.30 बजे से



**जोहानिसबर्ग, (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार को खेले जाने वाले तीसरे और आखिरी टी-20 मुकाबले में भारतीय टीम की नजरें जीत के साथ सीरीज 1-1 से बराबर करने पर होंगी। वहीं दक्षिण अफ्रीका क्लीन स्वीप करना चाहेगी।

सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। दूसरे मैच में भारत को हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला जोहानिसबर्ग के न्यू वांडरर्स मैदान पर रात 8.30 बजे से खेला जाएगा। भारत ने इस मैदान पर अब तक 5 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। भारत को सभी में जीत हासिल की है। उसने आखिरी बार यहां 18 फरवरी 2018 को खेला था और 28 रन से जीत हासिल की थी। मौजूदा टी-20 सीरीज में बराबरी करने के लिए भारतीय गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा। दूसरे टी20 मैच में भारतीय गेंदबाज लय के लिए जूझते नजर आए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने क्रमशः 15.50 और 11.33 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए। बारिश और ओस ने उनका काम मुश्किल किया, लेकिन दोनों की गेंदबाजी में कल्पनाशीलता और नियंत्रण का अभाव भी साफ नजर आया।

### दोनों टीमें इस प्रकार है...

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रविंद्र जडेजा (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, इशान किशन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, दीपक चाहर।

**दक्षिण अफ्रीका:** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, मैथ्यू ब्रीट्जस्के, नंद्रे बर्गर, डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिच क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एंडिले फेलुकवायो, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स और लिजाड विलियम्स।

**पिच रिपोर्ट:** न्यू वांडरर्स का मैदान बल्लेबाजी के लिए अनुकुल माना जाता हैं। इस ग्राउंड पर जमकर चौके-छक्कों की बरसात होती है। बाउंस अच्छा होने की वजह से गेंद बल्ले पर आसानी से आती है। हालांकि, शुरुआत में पिच में नमी होने की वजह से तेज गेंदबाजों को भी मदद मिलती है। वांडरर्स के मैदान पर अब तक कुल 26 टी-20 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से 13 में जीत पहले बल्लेबाजी और इतने ही मैचों में मैदान रनों का पीछा करने वाली टीम ने मारा है।

**मौसम का मिजाज:** न्यू वांडरर्स में मैच वाले दिन आसमान में बादल छाए रहेंगे। बारिश होने की भी संभावना है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, शाम 8 बजे हल्की बूंदाबांदी हो सकती है, जो 9 बजे के आसपास तेज बरसात में तब्दील हो सकती है। रात 11 बजे तक बारिश होने की संभावना जताई गई है।

### आईसीसी टी-20 रैंकिंग में रिंकू ने लगाई लंबी छलांग



आईसीसी द्वारा जारी ताजा टी-20 रैंकिंग में भारत के रिंकू सिंह 46 पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 59वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके फिलहाल 464 रेटिंग अंक हैं। रोहित शर्मा, शुभमन गिल, अफीफ हुसैन के भी इतने ही अंक हैं। रिंकू ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में नाबाद 68 रन बनाए थे। कार्यवाहक कप्तान सूर्यकुमार यादव को 10 अंकों का फायदा हुआ है। वह 865 अंकों के साथ टॉप पर काबिज हैं। साउथ अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स को एक स्थान का लाभ मिला है। वह (674 अंक) अब आठवें नंबर पर आ गए हैं। टॉप-10 में भारत की ओर से सूर्या के अलावा ऋतुराज गायकवाड़ (681 अंक) हैं। गायकवाड़ सातवें नंबर पर कायम हैं। पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान, साउथ अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्कराम, बाबर आजम, रिले रोसौव क्रमशः दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवें पायदान पर हैं।

### वर्ल्डकप फाइनल में मिली हार पर रोहित शर्मा बोले

## आसान नहीं था मूव ऑन करना



**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** वनडे वर्ल्डकप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलया के खिलाफ मिली हार के कारण 19 नवंबर की रात भारतीय क्रिकेट टीम और उनके कप्तान रोहित शर्मा के लिए बहुत कठिन रही होगी।

इस हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने कुछ नहीं बोला और वह घर पर या परिवार के साथ छुट्टियां मनाते नजर आए। वह चाहते थे कि इससे जल्द मूव ऑन करें, लेकिन इस हार का पचापाना कठिन था। करीब एक महीने बाद रोहित शर्मा ने इस पर बयान देते हुए कहा, इससे आगे बढ़ पाना बहुत ही ज्यादा कठिन था। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में कहा, फाइनल के बाद, वापस आना और आगे बढ़ना शुरू करना बहुत कठिन था, यही कारण है कि मैंने फैसला किया कि मुझे अपना दिमाग इससे बाहर निकालना होगा, लेकिन फिर मैं जहां भी था, मुझे एहसास हुआ कि लोग मेरे पास आ रहे थे और वे हम सभी के प्रयास की सराहना कर रहे थे कि हमने बहुत अच्छा खेला। मैं उन सभी के लिए महसूस करता हूं। वे सभी हमारे साथ मिलकर उस विश्ववकप को उठाने का सपना देख रहे थे। उन्होंने आगे कहा, इस पूरे अभियान के दौरान हम जहां भी गए, सबसे पहले स्टेडियम में आने वाले सभी लोगों और घर से इसे देखने वाले लोगों से भी बहुत समर्थन मिला। मैं उस डेढ़ महीने की अवधि में लोगों ने हमारे लिए जो किया है, उसकी सराहना करना चाहता हूं, लेकिन फिर अगर मैं इसके बारे में अधिक से अधिक सोचता हूं तो मुझे काफी निराशा होती है कि हम पूरे रास्ते तक जाने में सक्षम नहीं थे। टीम इंडिया ने सेमीफाइनल तक कुल 10 मैच खेले थे और सभी में जीत हासिल की थी, लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गई थी।

## भारतीय जूनियर हॉकी सेमी के लिए तैयार

**कुआलालंपुर,(एजेंसी)।** एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्वकप मलेशिया 2023 के क्वॉर्टर फाइनल में नीदरलैंड के खिलाफ रोमांचक जीत के बाद भारतीय टीम गुरुवार को सेमीफाइनल में जर्मनी से पिछली सिलसिलेवार हारों का बदला लेने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने इस साल चार बार जर्मनी का सामना किया है और सभी चार मौकों पर हार गई है, उनकी आखिरी हार सुल्तान जोहोर कप 2023 के सेमीफाइनल में 3-6 से हुई थी। भारत एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप भुवनेश्वर 2021 के सेमीफाइनल में भी जर्मनी से 2-4 से हार गया। पिछले मैचों में, भारतीय टीम ने कोरिया के खिलाफ 4-2 से जीत हासिल की लेकिन उसे स्पेन से 4-1 से हार का सामना करना पड़ा हालांकि कनाडा पर 10-1 की शानदार जीत के साथ भारतीयों ने वापसी की और पूल सी में दूसरा स्थान हासिल किया।

## पेस व अमृतराज टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले पहले एशियाई पुरुष

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** विश्व के पूर्व नंबर वन युगल खिलाड़ी लिएंडर पेस तथा भारत के प्रसारक और प्रमोटर विजय अमृतराज अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले पहले एशियाई पुरुष बन गए हैं। इन दोनों के अलावा प्रसिद्ध पत्रकार और लेखक रिचर्ड इवांस को भी टेनिस के इस विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया है।



पुरुष युगल और मिश्रित युगल में 18 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले पेस को खिलाड़ियों के वर्ग में जबकि अमृतराज और ग्रेट ब्रिटेन के इवांस को टेनिस में योगदान देने वालों के वर्ग में चुना गया है। टेनिस खेल से जुड़े इन तीनों दिग्गज को शनिवार को न्यूपोर्ट में अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल आफ फेम में शामिल किया जाएगा। अभी तक 27 देश के 264 लोगों को टेनिस हॉल आफ फेम में शामिल किया गया है। भारत इस तरह से इसमें प्रतिनिधित्व करने वाला 28वां देश बन जाएगा। पेस ने कहा, मेरे लिए जिंदगी का सबसे बड़ा सम्मान उस खेल में तीन दशक तक अपने देश का प्रतिनिधित्व करना है, जिसने मुझे सब कुछ दिया और सिखाया।

# पहली बार विजय हजारे के फाइनल में पहुंचा हरियाणा

### सेमीफाइनल मुकाबले में तमिलनाडु को 63 रन से हराया, हिमांशु राणा ने जड़ा शतक

**राजकोट,(एजेंसी)।** हिमांशु राणा के शानदार शतक से हरियाणा ने विजय हजारे ट्रॉफी 2023 के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में तमिलनाडु को 63 रन से हराकर पहली बार फाइनल में प्रवेश किया। हरियाणा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट खोकर 293 रन बनाए।

जबाव में तमिलनाडु की टीम 47.1 ओवर में 230 रन पर ऑलआउट हो गई। हरियाणा की ओर से हिमांशु राणा (नाबाद 116 रन) ने शानदार शतकीय पारी खेली। इसके अलावा युवराज सिंह ने 65 और सुमित कुमार ने 48 रन का योगदान दिया। तमिलनाडु की ओर से टी नटराजन ने तीन विकेट झटके। तमिलनाडु टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआत से ही लड़खड़ाती हुई नजर आई।




बाबा अपराजित (7) के रूप में टीम का पहला झटका 7 पर और हरि निशांत के रूप में दूसरा विकेट 9 रन पर ही लग गया। इसके बाद भी टीम ने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। नारायण जगदीशन (30), विजय शंकर (23) बड़ी पारी नहीं खेल पाए। अनुभवी कप्तान दिनेश कार्तिक (31), शाहरुख खान (13) के जल्दी आउट होने से भी टीम का बड़ा झटका लगा। तमिलनाडु की ओर से अकेले इंद्रजीत ने भी काफी देर तक हरियाणा के गेंदबाजों से लोहा लेते हुए संघर्ष किया। उन्होंने 71 गेंदों में 64 रन बनाए। हरियाण की तरफ से अंशुल कंबोज ने चार विकेट झटके। वहीं राहुल तेवतिया को दो विकेट मिले।

# महिला टेस्ट में भारत और इंग्लैंड के बीच होगी जंग

**मुंबई,(एजेंसी)।** करीब नौ साल के बाद भारतीय महिला टीम घरेलू सरजमीं पर एक टेस्ट मैच खेलेगी। जिसमें टीम का सामना आज से नवी मुंबई के डी वाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड से होगा।

इससे पहले भारत को इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 में 1-2 से हार मिली थी। ऐसे में हरमप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम टेस्ट जीतना चाहेगी। दूसरी ओर इंग्लैंड टीम का यह 100वां टेस्ट होगा और उसकी नजर जीत पर होगी। भारतीय टीम और इंग्लैंड के बीच अब तक कुल 15 टेस्ट मैच खेले गए हैं, जिसमें से इंग्लैंड ने सिर्फ 1 मैच जीता है और भारत को 2 में जीतमिली है। इनके अलावा 12 टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। खास बात यह है कि पिछले 3 टेस्ट में से 2 में भारत जीते है। वहीं 1 टेस्ट ड्रॉ रहा है। दोनों टीमें आखिरी बार 2021 में ब्रिस्टल टेस्ट में आपस में भिड़ी थी, जो ड्रॉ रहा था। 4 दिवसीय इस टेस्ट के लिए भारतीय महिलाओं ने बुधवार को जमकर अभ्यास किया। बीसीसीआई ने इसकी तस्वीरें एक्स पर शेयर की हैं।



### भारतीय टीम पर महिला क्रिकेट को आगे ले जाने की जिम्मेदारी: कौर

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर चाहती हैं कि महिला क्रिकेट में अधिक से अधिक टेस्ट आयोजित किए जाएं और बुधवार को उन्होंने स्वीकार किया कि इसे वास्तविकता बनाने के लिए भारत को निरंतर प्रदर्शन से मुख्य भूमिका निभानी होगी। हरमनप्रीत ने मैच की पूर्व कहा, महिला क्रिकेट के बारे में बात करें तो भारत में इसमें दिन प्रतिदिन सुधार हो रहा है। काफी लोग मैच देखने आ रहे हैं जो हमने पिछले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भी देखा। उन्होंने कहा, दुनिया में हर कोई भारत में खेलना चाहता है। उन्होंने कहा, खिलाड़ी के तौर पर हम ज्यादा से ज्यादा टेस्ट मैच खेलना चाहते हैं। पर फैसला आईसीसी और बीसीसीआई को ही लेना है। क्रिकेट की बात की जाए तो भारत में चीजें तेजी से बदल रही हैं।

## बीसीसीआई की सिफारिश के बाद मोहम्मद शमी को अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित खिलाड़ियों की सूची में मिली जगह



**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस साल के अर्जुन पुरस्कार के लिए तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के नाम की सिफारिश की है। 33 वर्षीय इस तेज गेंदबाज ने हाल में समाप्त हुए वनडे वर्ल्डकप में शानदार प्रदर्शन किया था। भारत इस टूर्नामेंट के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था। खेल मंत्रालय के अनुसार बीसीसीआई ने शमी का नाम सूची में शामिल करने के लिए विशेष आग्रह किया। इससे पहले उनका नाम देश के दूसरे सर्वोच्च खेल पुरस्कार के लिए नामित किए गए खिलाड़ियों की सूची में शामिल नहीं था। शमी ने वनडे विश्वकप में केवल सात मैच में सर्वाधिक 24 विकेट हासिल किए थे। खेल मंत्रालय ने इस साल के मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार और अर्जुन पुरस्कार का फैसला करने के लिए 12 सदस्यीय समिति गठित की है।

**अर्जुन पुरस्कार के लिए नामांकित खिलाड़ी:** मोहम्मद शमी (क्रिकेट), ओजस प्रवीण देवताले, अदिति गोपीचंद स्वामी (तीरंदाजी), ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर (शूटिंग), अंतिम पंघाल (कुश्ती), अयहिका मुखर्जी (टेबल टेनिस)। **मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार:** सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी।

## मैनचेस्टर युनाइटेड चैंपियंस लीग से बाहर

**मैनचेस्टर,(एजेंसी)।** बायर्न म्युनिख के खिलाफ हार के साथ मैनचेस्टर युनाइटेड चैंपियंस लीग से बाहर हो गई हैं। मैनचेस्टर को ग्रुप-ए के मैच में बायर्न म्युनिख ने 1-0 से मात देकर करारा झटका दिया।



मैच का एकमात्र गोल बायर्न के लिए किंग्स्ले कोमैन ने 70वें मिनट में गोल किया। इसके साथ ही तीन बार की यूरोपीय कप चैंपियन मैनचेस्टर युनाइटेड की नॉकआउट चरण में पहुंचने की उम्मीदें समाप्त हो गई। इस सत्र में सभी स्पर्धाओं में 12वीं हार के साथ ही ग्रुप ए में सबसे नीचे रही युनाइटेड ने यूरोपा लीग में स्थान भी पक्का नहीं किया। इस ग्रुप से कोपेनहेगन भी अंतिम 16 में पहुंच गई। जिसने गालाटासारे को 1-0 से हराया।

## पहले टी-20 में आंद्रे रसेल ने वेस्टइंडीज को दिलाई जीत



**ब्रिजटाउन,(एजेंसी)।** मैन ऑफ द मैच आंद्रे रसेल (तीन विकेट और 29 रन ) के ऑलराउंडर प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को 5 मैचों की टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले में 4 विकेट से मात दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की टीम 19.3 ओवर में 171 रनों पर ऑलआउट हो गई। जबाव में वेस्टइंडीज ने चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इंग्लैंड के लिए फिल साल्ट ने सर्वाधिक 40 रनों की पारी खेली। इसके अलावा कप्तान जोस बटलर 39 और लियाम लिविंगस्टोन ने 28 रनों की पारी खेली। इनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज नहीं चला। विंडीज की ओर से करीब दो साल से ज्यादा समय के बाद अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी करने वाले आंद्रे रसेल ने 4 ओवर में 19 रन देकर 3 विकेट झटके। इसके अलावा अल्जारी जोसेफ ने तीन और रोमारियो शेफर्ड ने दो विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की ओर से आंद्र रसेल ने 14 गेंद में 29 रन और रोवमन पॉवेल ने 15 गेंद पर 31 रन की तूफानी पारी खेली।

## सौम्या की अगुआई में प्रदेश की दूसरी जीत

**भोपाल,(खेसं)।** बीसीसीआई द्वारा आयोजित महिला अंडर-23 टूर्नामेंट के अंतर्गत एलईडी ग्राउंड नागपुर में खेले गए मैच में मध्य प्रदेश ने सौराष्ट्र को 8 विकेट से हराकर दूसरी जीत दर्ज की।



पहले बल्लेबाजी करते हुए सौराष्ट्र की टीम 15.5 ओवर में मात्र 22 रन पर ऑलाउट हो गई। सौराष्ट्र की एक भी बल्लेबाज दहाई के अंक तक नहीं पहुंच सकी। छह बल्लेबाज शून्य पर आउट हो गई। मप्र की ओर से भोपाल की सौम्या तिवारी ने 2 .5 ओवर में 2 रन देकर 2 विकेट लिए। इसके अलावा धानी बूचड़े ने 3, सच्ची उपाध्याय ने 2 और वैष्णवी शर्मा ने एक विकेट झटका। जबाव में मध्य प्रदेश ने 5.5 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मप्र के लिए कनिष्क ठाकुर ने 13 और अनुष्का शर्मा ने 7 रन का योगदान दिया।

## डीसीए सीहोर ने सेंट माइकल को सेमीफाइनल में दी मात



**भोपाल,(खेसं)।** डीसीए सीहोर की टीम ने सेंट माइकल को 15 रन से हराकर यहां खेली जा रही राजा अली -20 क्रिकेट प्रतियोगिता के ओपन वर्ग फाइनल में जगह बनाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए डीसीए सीहोर टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 168 रन बनाए। उसकी ओर से जतिन मेवाड़ा ने 46 रन की उपयोगी पारी खेली। प्रांजल पुरी ने सर्वाधिक तीन विकेट चटकाए। जवाब में उतरी सेंट माइकल की टीम 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 153 रन ही बना सकी। उसकी ओर से आयुष यादव ने 41 व संजोग ने 35 रन बनाए। सीहोर के लिए नयनराज मेवाड़ा ने तीन और नमन यादव को दो सफलता मिली। नयनराज मैन आफ द मैच बने।

## कैम्पियन स्कूल के चार स्केटर्स नेशनल रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित

**भोपाल, (खेसं)।** राजधानी स्थित कैम्पियन स्कूल के चार रोलर स्केटर्स का चयन 61वीं नेशनल रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता के लिए किया गया है। रोलर स्केटिंग फेडेरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित यह दस दिवसीय 61वीं नेशनल रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता स्पॉटीफाई स्पॉटस एरिना, चेन्नई तमिलनाडु के स्केटिंग रिंक में 15 से 25 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। कैम्पियन स्कूल की तरफ से इस नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले स्केटर्स की चयनित सूची में अनविता सिंह (कक्षा केजी टू), काश्वी शर्मा (कक्षा दूसरी), अमाया अरोरा (कक्षा तीसरी), संभव मिश्रा (कक्षा चौथी) के नाम शामिल हैं। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता के लिए इन सभी स्केटर्स का चयन पूर्व में ग्वालियर में आयोजित स्टेट चैम्पियनशिप एवं चयन प्रक्रिया में शामिल होने के बाद उनके शानदार प्रदर्शन व उनकी योग्यता के आधार पर हुआ हैं। यह सभी खिलाड़ी कैम्पियन स्कूल के शारीरिक शिक्षा शिक्षक एवं कोच संजय मिश्रा के मागदर्शन में स्केटिंग रिंक में नियमित प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस दस दिवसीय नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए यह चारों रोलर स्केटर्स 13 दिसम्बर को चेन्नई, तमिलनाडु के लिए रवाना होंगें। इस प्रतियोगिता में पूरे भारत से लगभग सैंकड़ों चयनित खिलाड़ी भाग लेंगें।




**फास्ट्रेक स्केटिंग अकैडमी के चार स्केटर मप्र टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे:** शहर के चार स्केटर स्केटिंग प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में फास्ट्रेक स्केटिंग अकैडमी के चार खिलाड़ी यति शर्मा ,वेदांत राउत,सांवी शर्मा, और यथार्थ चौहान शामिल है। यह खिलाड़ी 13 दिसंबर चेन्नई के लिए रवाना हुए हैं।

## 29वां इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 3 जनवरी से

**भोपाल,(खेसं)।** 29वां इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट ओल्ड कैंपियन मैदान पर तीन जनवरी से खेला जाएगा। इस बार टूर्नामेंट में इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर की टीमें भी शिरकत करेंगी। हर साल की तरह टूर्नामेंट तीन ग्रुप में होगा। टूर्नामेंट कलर ड्रेस में व्हाइट बॉल से टी-20 फार्मेट में होगा।

टूर्नामेंट के कुछ मैच बाबे आली और फेथ क्रिकेट ग्राउंड पर भी खेले जाएंगे। भोपाल खेल पत्रकार संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट की तैयारी शुरू हो चुकी है। अधिकतर टीमें ओल्ड कैंपियन ग्राउंड पर सुबह और शाम के सत्र में अभ्यास कर रही हैं। इच्छुक सभी टीमें 30 दिसंबर तक अपनी एंट्री आयोजन समिति के पदाधिकारी डा. सुशील सिंह ठाकुर, इंद्रजीत मौर्य और नवेद इशरत से संपर्क कर सकती हैं। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल करेंगे। उद्घाटन मुकाबला इंदौर मीडिया और भोपाल मीडिया इलेवन के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट की चैम्पियन टीम को हर साल की तरह चमचमाती ट्रॉफी और एक लाख रुपए का नगद इनाम दिया जाएगा। जबकि रनरअप टीम को ट्रॉफी के साथ 50 हजार रुपए का इनाम मिलेगा।



# शाहरूख खान के साथ फिल्म करने वाली है भारती सिंह

फेमस कॉमेडियन भारती सिंह ने अपने दम पर इंडस्ट्री में एक अलग पहचान बनाई हैं। फेमस कॉमेडियन भारती सिंह पूरी दुनिया में अपनी शानदार कॉमेडी के लिए जानी जाती हैं। भारती सिंह कई टीवी शोज और रियलिटी शोज में भी नजर आ चुकी हैं। भारती कॉमेडी के अलावा होस्टिंग और एक्टिंग करके भी लोगों को आपना दिवाना बना चुकी हैं। भारती सिंह ने हाल ही में पैपराजी के सामने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। भारती सिंह ने बताया कि वह जल्द ही शाहरुख खान की फिल्म में नजर आने वाली हैं। भारती सिंह के फैंस उन्हें शाहरुख खान के साथ देखने के लिए काफी ज्यादा एक्साइटेड है। सोशल मीडिया पर भारती का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह किंग खान के बारे में बात करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में भारती सिंह पैपराजी से हंसी-मजाक करते हुए खुलाता कर देती है कि वह शाहरुख खान के साथ फिल्म करने वाली हैं।



**भारती सिंह का खुलासा**

शाहरुख खान और भारती सिंह को एक साथ फिल्म में देखने के लिए उनके फैंस काफी एक्साइटेड है। शाहरुख खान और भारती सिंह ने अभी तक इस बात की कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है। वीडियो में आगे भारती सिंह कहती है कि इन्जेक्शन लगवा कर आई और ये लोग भारती जी भारती जी... भाई मुझे दर्द हो रहा है। फिर हंसी मजाक करने लगती हैं। इन सबके बीच वह कहती है कि अच्छा मैं एक फिल्म कर रही हूं शाहरुख खान के साथ... इसके तुरंत बाद ही भारती अपना मुंह छुपा लेती हैं। बाद मैं वह बार-बार पांडे जी का नाम लेकर वहां से चली जाती हैं। ●

Bollywood Update



# 2023 में कियारा आडवाणी को किया गया सबसे ज्यादा गूगल सर्च

बस कुछ दिनों में हम साल 2023 को बाय-बाय बोल देंगे, यानी ये साल भी हर गुजरे साल की तरह बीत जाएगा। ये साल कुछ के लिए यादगार और शानदार रहा तो वहीं कुछ लोगों के लिए मुश्किलों और कठिनाइयों से भरा रहा। वैसे पूरे साल कुछ लोगों को गूगल इंडिया पर खूब सर्च किया गया और इसी के चलते ये लोग इस साल के सबसे ज्यादा गूगल सर्च किए जाने वाले लोगों की टॉप 10 लिस्ट में आ गए हैं। इस लिस्ट में क्रिकेटर्स से लेकर बी-टाउन सितारे भी हैं। अब सोचने वाली बात ये है कि इस टॉप 10 की लिस्ट में सबसे ऊपर किसका नाम है। आज हम आपको बताते हैं कि मोस्ट गूगल्ड की लिस्ट में कौन टॉप पर है और किसके सिर सबसे चर्चित का ताज सजा है।

**लिस्ट में मनोरंजन इंडस्ट्री से जुड़े तीन लोग**

इस लिस्ट में सबसे ऊपर कोई बिजनेसमैन या क्रिकेटर नहीं बल्कि एक बॉलीवुड सितारा है। यानी भारत में सबसे ज्यादा एक बी-टाउन सितारे को साल 2023 में सर्च किया गया है। ये सितारा कोई मेल स्टार नहीं बल्कि बॉलीवुड हसीना कियारा आडवाणी हैं। कियारा जहां इस लिस्ट में टॉप पर हैं, वहीं उनके पति सिद्धार्थ मल्होत्रा ने भी इस लिस्ट में जगह बनाई है। वो इस लिस्ट में बाकी बॉलीवुड सितारों से तो ऊपर हैं, लेकिन अपनी पत्नी से काफी नीचे हैं। सिद्धार्थ लिस्ट में 6वें स्थान पर हैं। इन दोनों के अलावा एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से एलविश यादव का नाम बी लिस्ट में है।

**क्रिकेटर्स भी लिस्ट में शामिल**

वहीं इस लिस्ट में कई क्रिकेटर्स भी हैं। दूसरे नंबर पर शुभमन गिल हैं, वहीं चौथे नंबर मोहम्मद शमी हैं। विदेशी क्रिकेट खिलाड़ियों को भी भारत में आईपीएल और वर्ल्ड कप के दौरान खूब सर्च किया गया है। बात करें कियारा अडवाणी की तो उन्हें इस लिस्ट में अपनी शादी की चर्चा के चलते जगह मिली है। एक्ट्रेस की ड्रीमी वेडिंग काफी खबरों में रही। इसी के चलते एक्ट्रेस के पति भी इस लिस्ट में जगह बना पाए हैं। ●

# द आर्चीज के रिलीज होते ही खुशी कपूर के हाथ लगी एक और फिल्म

प्रोड्यूसर बोनी कपूर की छोटी बेटी खुशी कपूर ने हाल ही में डायरेक्टर जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से अपना एक्टिंग डेब्यू किया है। खुशी कपूर की डेब्यू फिल्म द आर्चीज बीते 7 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। अब फिल्म के रिलीज होते ही खुशी कपूर के हाथ दूसरी फिल्म लग गई है। दरअसल, लेटेस्ट मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि खुशी कपूर को लेकर फिल्ममेकर करण जौहर फिल्म बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। खुशी कपूर के साथ इस फिल्म में सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान नजर आएंगे।



**करण जौहर कर रहे हैं फिल्म की प्लानिंग**

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, करण जौहर एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म बनाने के की प्लानिंग कर रहे हैं।

इस फिल्म खुशी कपूर और इब्राहिम अली खान लीड रोल में नजर आएंगे। रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि ये फिल्म सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। ●



# इस एक्ट्रेस के कारण हुआ अरबाज-जॉर्जिया का ब्रेकअप

बॉलीवुड फिल्मों के मशहूर अभिनेता अरबाज खान एवं जॉर्जिया एंड्रियानी के रिश्ते के चर्चे एक समय पर बॉलीवुड के गलियारों में खूब थे। दोनों को अक्सर इवेंट्स में साथ देखा जाता था। बीते कई महीनों से खबर आ रही थी कि दोनों अलग हो गए हैं, मगर कपल ने इसे लेकर चुप्पी साधी हुई थी। हाल में दिए अपने इंटरव्यू में जॉर्जिया ने स्पष्ट कर दिया कि वो और अरबाज साथ नहीं हैं।

कोई पॉपुलर कपल अलग हो तथा उनके रिश्ते के टूटने की वजह का पता लगाने का प्रयास ना हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। ऐसे में जॉर्जिया एंड्रियानी से पूछा गया कि आखिरी वो और अरबाज अलग क्यों हुए। कई व्यक्तियों का मानना है कि अरबाज की एक्स वाइफ मलाइका अरोड़ा का इस ब्रेकअप से लेना-देना हो सकता है। नए इंटरव्यू में जॉर्जिया एंड्रियानी ने स्पष्ट कर दिया है कि ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, उनकी ओर से हमारे रिश्ते में कोई दखल नहीं दिया गया। वो हमारे अलग होने की वजह नहीं थीं। इसके साथ ही उन्होंने ब्रेकअप की वास्तविक वजह भी बताई।

जॉर्जिया एंड्रियानी ने कहा, मैं एक रिश्ते में जिस बात को तवज्जो देती हूं वो है एक जैसे इंटेरेस्ट, मगर अफसोस हमारी पसंद एक जैसी नहीं थी। ये चीज हमारे रिश्ते में अच्छी नहीं रही। उदाहरण के लिए मैं मस्तमौला इंसान हूं, मुझे अचानक ही ट्रैवल करना पसंद है। यदि मैं फ्री हूं और मैंने सोचा है कि मुझे कहीं जाना है, तो मैं जाऊंगी ही। आगे उन्होंने कहा, मुझे अच्छा नहीं लगता था जब वो मेरी पसंद की चीजों को पसंद नहीं करते थे। अरबाज को बैठकर फिल्में तथा डॉक्यूमेंट्री देखना पसंद है। ●

# सामने आई मोस्ट पॉपुलर फीमेल की लिस्ट

बॉलीवुड फिल्मों की जानी मानी मशहूर अदाकारा दीपिका पादुकोण से लेकर आलिया भट्ट और कियारा आडवाणी तक ने मोस्ट पॉपुलर फीमेल स्टार्स की सूची में अपनी जगह बनाई है। ऑरमैक्स मीडिया द्वारा जारी की गई इस सूची में



आदिपुरुष, गणपत और शहजादा जैसी फिल्मों का हिस्सा रह चुकीं अभिनेत्री कृति सैनन को 5वीं पोजिशन मिली है। कृति सैनन ने अनुष्का शर्मा, श्रद्धा कपूर और करीना कपूर खान जैसी अदाकाराओं को पछाड़कर यह पोजिशन हासिल की है।

**नंबर 4 पर रहीं कियारा आडवाणी**

टॉप 5 मोस्ट पॉपुलर फीमेल स्टार्स की सूची में चौथी पोजिशन मिली है अभिनेत्री कियारा आडवाणी को। बीते दिनों सत्यप्रेम की कथा जैसी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म दे चुकीं कियारा आडवाणी वर्ष 2024 में वॉर-2 में दिखाई देगी। फिल्म को लेकर अभी तक काफी बज बना हुआ है।

**किस स्टार को मिली तीसरी पोजिशन**

टॉप 5 बॉलीवुड अभिनेत्रियों की सूची में कैटरीना कैफ तीसरी पोजिशन पर रही हैं।



सलमान खान के साथ हाल ही में टाइगर-3 जैसी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म दे चुकीं कैटरीना कैफ जल्द ही फिल्म मैरी क्रिसमस में विजय सेतुपति के साथ दिखाई देगी।

**कौन बनी सबसे पॉपुलर फीमेल स्टार**



पहली पोजिशन के लिए दीपिका पादुकोण तथा आलिया भट्ट में जोरदार फाइट देखने को मिली, मगर फाइनली आलिया भट्ट ने बाजी मार ली और नवंबर महीने के डाटा के हिसाब से वह सबसे लोकप्रिय बॉलीवुड अभिनेत्री हैं। वहीं दीपिका पादुकोण को टॉप 5 की सूची में दूसरी पोजिशन मिली है। ●



# कार्डी बी की ऑफसेट से अलग होने की पुष्टि

रैपर कार्डी बी ने ऑफसेट के साथ अपने संबंधों की अफवाहों के मद्देनजर अपनी एकल स्थिति की पुष्टि की है। पीपुल मैगजीन की रिपोर्ट के अनुसार, एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर साझा की गई लाइवस्ट्रीम की रिकॉर्डिंग के अनुसार, रैपर (31) ने सप्ताहांत में इंस्टाग्राम लाइव पर खुलकर स्वीकार किया, मैं अब एक मिनट के लिए सिंगल हूं। उन्होंने आगे कहा, लेकिन मैं डरी हुई हूं। डरी हुई नहीं हूं, मैं नहीं जानती कि दुनिया को कैसे बताऊं। लेकिन मुझे लगता है कि आज का दिन एक संकेत की तरह है। कार्डी बी ने कहा कि वह नए साल की शुरुआत ताजा और खुली करना चाहती हैं, जैसा कि उन्होंने स्वीकार किया, मैं एक नए जीवन के लिए, एक नई शुरुआत के लिए उत्सुक हूं। और हां, मैं उत्साहित हूं। रिश्ते की स्थिति का अपडेट तब आया है जब जोड़े ने मेसा, एरिजोना में टिकटॉक मिक्स म्यूजिक फेस्टिवल में एक ही कार्यक्रम में भाग लिया था लेकिन एक साथ फोटो नहीं खींची गई थी। पीपल के अनुसार, लाइव के दौरान, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उनकी हालिया सोशल मीडिया गतिविधि उनके रिश्ते की स्थिति के बारे में सुरागों से भरी हुई है। पिछले हफ्ते, प्रशंसकों ने देखा कि उसने और ऑफसेट, जिससे उसने 2017 में निजी तौर पर शादी की थी-दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया था। उन्होंने लाइव के दौरान कहा, मुझे नहीं पता कि आप लोगों को मुझसे, मेरे जीवन से, या मेरी कहानियों से सुराग मिल रहा है, जब मैं कुछ खास संगीत डालती हूं, या मेरी अनफॉलोइंग ढूंढती हूं। 4 दिसंबर को, 'बोंगोस' रैपर ने अपनी इंस्टाग्राम कहानियों पर कुछ गुप्त संदेश साझा किए, जो संभावित रिश्ते की परेशानी का संकेत देते थे, जिसमें शामिल था, आप जानते हैं कि आप कब रिश्ते बढ़ाते हैं। उन्होंने बयान में कहा, मैं लोगों की भावनाओं की रक्षा करते-करते थक गई हूंमुझे सबसे पहले खुद को रखना होगा। आपको बता दें कि 31 वर्षीय ऑफसेट ने पिछले हफ्ते अनफॉलो करने की खबर के मद्देनजर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी पोस्ट किया था। उन्होंने अपनी स्टोरी में एक स्कारफेस क्लिप पोस्ट की जिसमें अल पचिनो चिल्ला रहे हैं, अरे, तुम, यार! यह चीज एक साथ किसने रखी? मुझे! मैं किस पर विश्वास करूं? मुझे। ●

# बरेका में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह समापन समारोह का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। बनारस रेल इंजन कारखाना में 8 से 14 दिसंबर तक ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत आम जनमानस को ऊर्जा संरक्षण के लिए जागरूक करने हेतु विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 8 दिसम्बर को ऊर्जा संरक्षण जागरूकता रैली 9 दिसम्बर को क्विज प्रतियोगिता,11 दिसम्बर को निबंध प्रतियोगिता,12 दिसम्बर को नुक्कड़ नाटक,13 को ड्राइंग प्रतियोगिता तथा 14 दिसम्बर को समापन समारोह का आयोजन किया गया। समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक बासुदेव पांडा ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण एक महत्वपूर्ण विषय है एक यूनिट ऊर्जा की खपत करने के लिए हमें डेढ़ यूनिट ऊर्जा जेनरेट करना पड़ता है 33 प्रतिशत ऊर्जा लोगों को जानकारी के अभाव में नष्ट हो जाता है हम जरूरत के चीज का उपयोग करके सही तरीके से ऊर्जा का उपयोग कर ऊर्जा की बचत कर सकते हैं हमें जागरूक होना होगा कि हम किस प्रकार ऊर्जा का उपयोग करें एवं किस उपकरण का उपयोग करें ताकि ऊर्जा की बचत कर सकें। महाप्रबंधक ने आगे कहा कि ए.सी. को 24-25 डिग्री सेट एवं पंखा को स्लो चला कर हम ठंडक प्राप्त कर सकते हैं जिससे ऊर्जा की काफी बचत हो सकती है विद्युत से चलने वाली अन्य उपकरणों के विषय में भी ऊर्जा की बचत करने के उपाय से लोगों को अवगत कराये इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वाटर लिकेज रोककर भी हम ऊर्जा की बचत कर सकते हैं ऊर्जा की बचत करने से क्लाइमेट चेंज पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है। महाप्रबंधक ने कहा कि हमें गर्व है कि हम बरेका के कर्मचारी हैं जहां इस प्रकार के लोकोमोटिव बना रहे हैं जो 12 से 15 प्रतिशत तक ऊर्जा रि-जेनरेट करते हैं अंत में महाप्रबंधक ने सप्ताह के दौरान ऊर्जा संरक्षण हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए बरेका द्वारा किये गये विभिन्न कार्यक्रमों के लिए प्रसन्नता जाहिर करते हुए विद्युत विभाग को बधाई दी तथा ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं बरेका कर्मचारियों को महाप्रबंधक ने पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर एस.के. श्रीवास्तव, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक रजनीश गुप्ता, प्रमुख मुख्य इंजीनियर विनोद बमपाल, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रणवीर सिंह चौहान, प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी प्रमोद कुमार चौधरी,वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री विजय, मुख्य विद्युत इंजीनियर एस.ई. एम.के.सिंह, के साथ ही समस्त विभागाध्यक्षगण एवं काफी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, अनुरक्षण नीरज सिंह ने पुरे सप्ताह के दौरान किये गये कार्यक्रम के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दिये।

## पुलिस जवानों का रूप धारण कर पांच मुस्लिम घरों में की तोड़फोड़, वीडियो आया सामने



प्रखर जौनपुर। खुटहन क्षेत्र के पटैला गांव में बुधवार की सुबह 4 बजे पुलिस जवानों का रूप धारण कर कुछ वर्दीधारियों ने मुस्लिम बिरादरी के पांच घरों में की गई। तोड़ के मामले को भले ही पुलिस सिरे से खारिज कर रही हो लेकिन घटना का शीशी टीवी फुटेज खुद पुलिस के तांडव की गवाही दे रहा है। पुलिस के जवानों का रूप धारण कर कुछ वर्दीधारियों ने मुस्लिम घरों में घुसकर आतंक मचाते हुए फ्रीज, कूलर, एसी, पंखे, आलमारी और गृहस्थी के इलेक्ट्रॉनिक सामानों को तोड़ कर फेंक दिया। घर के सामने खड़ी बीएमडब्ल्यू कार, स्कार्पियो व आठ बाइके तोड़ी। जिसमें पुलिस के कई जवान कमर में पिस्टल लगाए भागते हुए घर में घुसते स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। जो इलेक्ट्रानिक मिडिया पर खूब प्रसारित हो रहा है। गांव निवासी व जिला पंचायत सदस्य अकीला बानो का आरोप था कि पुलिस द्वारा मुस्लिम बिरादरी के युवकों को आये दिन हिरासत में लेकर फर्जी मुठभेड़ दिखाकर उनके पैरों में गोली मारी जा रही है। जिससे बस्ती के लोग पहले से ही पुलिस से खौफजदा हैं। पुलिस के भय से अधिकांश लोग घर छोड़ कर दूर चले गए हैं। इसके बाद भी बुधवार की भोर में चार दर्जन से अधिक की संख्या में पहुंचे पुलिस के जवानों ने उसके घर के अलावा पड़ोसी ओलमा कौंसिल के प्रदेश उपाध्यक्ष शहाबुद्दीन,शाह मोहम्मद,कलामुद्दीन और अमजद के घरों में जमकर तोड़फोड़ फोड़ किया। आरोप लगाया कि सभी घरों में रखे गए लगभग तीस लाख के गहने भी पुलिस उठा ले गई। तोड़ फोड़ में भी पच्चीस लाख से अधिक के गृहस्थी का सामान को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। वहीं थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि पुलिस बस्ती में गई ही नहीं है। वे आपसी विवाद में भिड़ कर तोड़ फोड़ किए है।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 17 को

प्रखर पिंडरा वाराणसी। साथी मिशन टीम द्वारा आगामी 17 दिसम्बर को रमईपट्टी स्थित कॉपीजिट विद्यालय में जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता होगी। नवाचारी शिक्षक कमलेश कुमार पाण्डेय व संस्थापक धर्मेन्द्र पटेल ने बताया कि साथी मिशन टीम वाराणसी द्वारा आयोजित होने वाली जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 दिसम्बर को होगा और एवं पुरस्कार वितरण 24 दिसम्बर को होगा। प्रतियोगिता तीन वर्गो में (कक्षा 3-5, कक्षा 6-8 और कक्षा 9-12) में आयोजित की जाएगी।

## वसंत महाविद्यालय में गंगा के निर्मलीकरण के लिए आयोजित हुई एक दिवसीय शिविर

प्रखर वाराणसी। राजघाट स्थित वसंत महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की पांच इकाइयों द्वारा गंगा निर्मलीकरण पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के तहत कालेज परिसर से लेकर आदिकेशव घाट तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। गंगा को स्वच्छ और निर्मलीकरण के लिए विद्यालय की छात्राओं और टिचरों ने लोगों को जागरूक करने के साथ गंगा किनारे साफ सफाई की। इसके पहले वसंत महाविद्यालय से रैली निकाली गई। राष्ट्रीय सेवा योजना की पांच इकाइयों द्वारा अलग अलग स्थानों पर गंगा घाच किनारे सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें डॉ. संवेदना सिंह (यूनिट ए) ने आदिकेशव घाट के दक्षिण दिशा में सफाई की। इस दौरान प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत



स्वमसेविकाओं द्वारा बनाए गए कपड़े व कागज के थैले लोगों में वितरित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रेया पाठक (यूनिट ई) ने स्वयंसेवकों को इकोब्रिकिंग के महत्व के बारे में बताया और इकोब्रिक बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान स्वयंसेवकों द्वारा गंगा स्वच्छता की शपथ ली गई। इकाई बी के हेड डॉ. महेश कुमार मीना ने स्वयंसेविकाओं से संबंधित व्याख्यान एवं कविता पाठ द्वारा लोगों को गंगा निर्मलीकरण के लिए जागरूक किया। वहीं डॉ. लईक अहमद के नेतृत्व में यूनिट डी ने वरुणा किनारे चंदन शहीद मजार की ओर साफ-सफाई की। इसके अलावा स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्य प्रणाली के बारे में डॉ. वेद प्रकाश रावत ने संबोधित किया।

## तीन दिवसीय मजालिसे फातेमी स.अ. 15, 16, 17 दिसम्बर को आयोजित

प्रखर जौनपुर। पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा (स.अ.व.) व की इकलौती बेटी हजरत फातिमा जहरा (स.अ.) की शहादत की याद में तीन दिवसीय मजालिसे फातेमी स.अ. का प्रोग्राम 15, 16, व 17 दिसम्बर दिन जुमा, सनीचर, इतवार को जामिआ ईमानिया नासिरिया हमाम दरवाजा में होने वाला है। पहली मजलिस 8 बजे सुबह तो दूसरी मजलिस 10.30 बजे सुबह व तीसरी मजलिस 3 बजे दोपहर व चौथी मजलिस बाद नमाजे मगरिबैन होगी। जिसमें चौथे दिन मशहूर और मारूफ नौहाख्वां सै. कासिफ ककरौली (मुज्जफरनगर) फात्मा जहरा स.अ. की शान में मसाएबी नौहा पढ़ेंगे। इस प्रोग्राम का यह उन्नीसवां दौर है। प्रोग्राम की शुरूआत मुजाहिदे मिल्लत आयतुल्लाह महमूदुल हसन खाँ साहब ने सन 2004 से जामिआ ईमानिया नासिरिया हमाम दरवाजे शुरू की। जिसमें जामिआ ईमानिया नासिरिया व मोमनीन शीराजे हिन्द जौनपुर के लोगों ने इस प्रोग्राम में अपना ताउन दिया और प्रोग्राम में ज्यादा से ज्यादा तादात में पहुंच कर




मजलिसों में शिरकत की। इस मौके पर लोग पैगम्बर हजरत मोहम्मद मुस्तफा स. अ. व आ. और इमाम हसन अ.स व इमाम हुसैन अ.स की वालदा शहजादी हजरत फातेमा जहरा स.अ. के मसायब पर गिरया करके पुर्सा देते हैं। मजालिसे फातेमी स.अ. 2004 से लेकर 2017 तक मुजाहिदे मिल्लत आयतुल्लाह महमूदुल हसन खाँ साहब ने इस प्रोग्राम की मेजबानी की। उनका इंतेकाल सन 2018 में 13 रजब के दिन हुआ था। उन्हें अपनी अबाई कब्रिस्तान अमहट जिला सुल्तानपुर में सुपुर्द ए खाक किया गया था। जिसमें जिला शिराज ए हिंद जौनपुर समेत कई जिलों के लोग मौजुद थें। उनके इंतेकाल के बाद इस प्रोग्राम की बागडोर उनके बेटे जेरे निगरानी हुज्जतुल इस्लाम वलमुस्लेमीन आलीजनाब मौलाना महफूजुल हसन खाँ साहब किब्ला प्रिन्सिपल जामिआ ईमानिया नासिरिया इमामे जुमा शहर जौनपुर ने संभाली है। शिराज ए हिंद के मोमनीन उसी तरह साथ देते चले आ रहें हैं। जिस तरह आयतुल्लाह महमूदुल हसन खां साबह का साथ दिया करते थें।

## कलम की धार से पत्रकारों की पहचान : तामीर हसन शीबू

प्रखर जौनपुर। कलमकार समाज का प्रहरी होता है। वह समाज के पीड़ितों, दबे , कुचले, निरीह व असहायों की आवाज शासन प्रशासन में पहुंचाने के लिए सेतु का काम करता है। वह ही अच्छे बुरे को बताने के साथ ही समाज को आईना दिखाता है। इसीलिए आज भी पत्रकारिता को व्यापार नही, पवित्र मिशन व कर्म बंधन माना जाता है। समाज को

**खामियों की पहरेदारी के लिए जरूरत है चिंतन मंथन करने की**

उसके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना ही उसका प्रमुख उद्देश्य है। पत्रकारिता का महत्व उसके कलम पर निर्भर करता है। कलमकार किसी भीड़ का हिस्सा नहीं, बल्कि अगली पंक्ति का संवाहक है। यह गौरवमयी प्रतिस्ठा तभी अक्षुण्य रह सकता है जब मीडिया साथी अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन करें। सबसे महत्वपूर्ण बातें यह है कि यधपि संविधान के पन्नों में हम कलम के सिपाहियों का जिक्र नही है। किन्तु आज भी कलम के बल पर समाज पटल पर चुतुर्थ स्तम्भ के रूप में स्थापित हूँ। यह मीडिया जगत के लिये सबसे बड़ी उपलब्धि है। यह चारों में वह खंभा है जिसके ढ़हने से लोकतंत्र के तीनों स्तम्भ न्यायपालिका, कार्यपालिका व विधायिका में



भूचाल आ जाएगा। आज वर्तमान हालात पर नजर डाला जाए तो पता चलेगा कि देश में अपराधियों की संख्या अधिक है। जैसे निर्माण कार्य मानक के विपरीत हुआ है। तो निश्चित ही कमीशन शीर्ष अधिकारी से लेकर राजनेता के जेब में पहुंचा होगा, तबादला से लेकर कर बंधी महीनवारी तक बड़े कार्यालयों में पैसे का खेल चल रहा है। एक खाकी वर्दी वाला किसी अपराधी को पकड़ता है और उससे कुछ चढ़ावा लेकर छोड़ देता है तो वह किस श्रेणी में आता है, यह प्रश्न समाज के बीच में आज भी एक पहेली बना हुआ है। इसे खाकी विभाग के सभी शीर्ष अधिकारी बखूबी जानते हैं कि वह भी महाअपराधी की श्रेणी में आ जाता है। किन्तु कार्रवाई की नौबत जब आती है तो पता नही क्यों हाथ खड़े हो जाते है। यद्यपि पत्रकारिता अनेक चुनौतियों के साथ जोखिम भरा कार्य है। फिर भी समाज की खामियों को उजागर करना ही सच्ची पत्रकारिता है। यह सच भी है जब कोई कलमकार किसी राजनेता के गले की हड्डी बनता है। तो उसे उसके कोप का शिकार होना पड़ता है। इसमे उसे घबराने की जरूरत नही है। यह ध्रुव सच है कि वह उसके प्रलोभन व भोजभात में अगर न जायँ तो राजनेता उसका कुछ बिगाड़ नही सकता है। जनता भी उनकी तरफ सच व झूठ जानने के लिए निहारती रहती है। ऐसे में हमें और मीडिया साथियों को आज चिंतन मंथन करने की जरूर क्यों पड़ रही है। यह भी अपने आप में एक अहम सवाल है।

## अठारहवीं पुण्यस्मरण तिथि पर याद किये गये पाण्डित्य परम्परा के युग पुरुष स्व. पं देवचन्द्र पाण्डेय

प्रखर डेस्क। पाण्डित्य परम्परा के युग पुरुष स्व. पं श्री देवचन्द्र पाण्डेय शास्त्री जी निवासी ग्राम मोंढ़ डीह, भदोही, उत्तरप्रदेश की पुण्यस्मरण तिथि पर मानव कल्याण शक्ति ज्योति फाउंडेशन द्वारा नालासोपारा, महाराष्ट्र में श्रद्धांजलि उद्बोधन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जय महाकालेश्वर सेवा संस्था के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पं ब्रह्मप्रकाश तिवारी जी नें अपने उद्बोधन कहा कि भदोही जनपद में कर्मकाण्ड भास्कर उपाधि से विभुषित, पाण्डित्य परम्परा के ध्वजवाहक स्व. पं श्री देवचन्द्र पाण्डेय जी के विषय में कुछ कहने कि धृष्टता कर रहा हूँ। यह युग पुरुष बाल्यावस्था से ही अपने विद्वान पिता स्व. पं श्री चन्द्रिका प्रसाद पाण्डेय और धस्करी भदोही के मूर्धन्य विद्वान स्व. पं श्री शिवशंकर मिश्र जी के संरक्षण में वेद, वेदांत, व्याकरण, कर्मकाण्ड, ज्योतिष आदि में पारंगत होकर अध्यापक एवं प्रधानाध्यापक के पद को शुशोभित करते हुए कर्मकाण्ड



भास्कर की उपाधि प्राप्त कर चतुर्दिक पाण्डित्य परम्परा प्रकाश पुंज को अमरत्व प्रदान कर ख्याति प्राप्त किए। विशिष्ट अतिथि बभनियाँव, जंघई उत्तरप्रदेश से आये हुए श्री संजय शुक्ल जी नें श्रद्धांजलि दीप प्रज्वलित कर अपनी श्रद्धांजलि को अर्पित कर कार्यक्रम को आगे की दिशा देते हुए भूपेश पाण्डेय व शिवप्रसाद पाण्डेय से आग्रह किया।इस अवसर पर श्री भूपेश पाण्डेय नें कहा कि तत्कालीन समय परिस्थिति के अभावग्रस्त संघर्ष पूर्ण जीवन में वे तमाम विपत्तियों झंझावातो को अपने सिंह गर्जना के आगे परास्त कर सम्पूर्ण,परिवार की जिम्मेदारियों का वहन निडरता से करते रहे। दो भाइयों में श्रेष्ठ होने के कारण सम्पूर्ण संयुक्त परिवार की जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाकर चतुर्दिक आदर्श स्थापित किए। पण्डित्य परंपरा के लौह पुरुष अविचल भाव से अपने ज्ञानरस से छात्रों को लाभान्वित कर हजारों छात्रों के भविष्य के निमार्ता बने। अथक परिश्रम तथा शालीन व्यवहार से सबका मन मोह लेने. की कला में भी वें निपुण थे।डॉ बालमुकुन्द पाण्डेय, आचार्य पं धर्मराज पाण्डेय व शिवदत्त पाण्डेय के साथ संस्था के समस्त सदस्य, पदाधिकारी गण सहित उपस्थित सभी लोगों नें बारी बारी से अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि को अर्पित किया।

# विद्युत विभाग संविदा कर्मी की मृत्यु के बाद एफआईआर दर्ज न होने पर परिजनों ने शव को लेकर रोड पर किया चक्काजाम

## संविदा कर्मियों और परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम किया

प्रखर वाराणसी। बिजली बनाने के लिए खंभे पर चढ़े संविदा कर्मी कुली करंट लगने से खंभे से जमीन पर गिर गया, 2 दिन इलाज के बाद बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार तिलमापुर आशापुर निवासी मृतक प्रेमनाथ साहनी 36 वर्षीय मृतक सोमवार को सायंकाल 5:00 बजे सुधाकर महिला कॉलेज पाण्डेयपुर के पास पोल पर चढ़ कर फाल्ट ठीक कर रहा था उसी दौरान करेंट लगने से वह पोल से नीचे गिर गया।। सहकर्मियों ने उसे तत्काल ट्रामा सेंटर बीएचयू में भर्ती कराया जहाँ इलाज के दौरान बुधवार की सुबह लगभग 10 बजे उसकी मौत हो गयी। मौत के बाद परिजनों और विभाग के अन्य कर्मचारियों ने मृतक प्रेमनाथ साहनी के शव को पावर हाउस पर रख कर कम्पनशेसन और पत्नी को नौकरी की मांग करने लगे। वहां मौजूद संविदा कर्मी एवं परिजनों ने आरोप लगाया कि मौत के बाद कोई भी उच्च अधिकारी अब तक मौके पर नहीं पहुंचा और ना ही किसी प्रकार का कंपनसेशन देने की बात कही।



आक्रोशित परिजन, संविदा कर्मी एवं अन्य लोगों ने बुधवार की शाम लगभग 6:15 पर पावर हाउस के सामने में रोड पर शव को रखकर चक्का जाम कर दिया थोड़ी ही देर में एसीपी कैंट के पहुंचने पर और उनके द्वारा समझाने बुझाने पर लोग चक्का जाम समाप्त कर दिए।

**बिना सुरक्षा उपकरण और शटडाउन लिए बिना की अकुशल को चढ़ा दिया पोल पर**- सुत्रो से जानकारी मिली कि फाल्ट ठीक करने के लिए बिना शटडाउन लिए और बिना किसी सुरक्षा उपकरण के ही अकुशल कुली प्रेमनाथ साहनी को पोल पर चढ़ा दिया गया जिसके कारण कार्य करते समय उसे करंट लग गया और वह पोल से गिर गया, यदि शटडाउन लिया गया होता और सुरक्षा उपकरण के साथ कुली प्रेमनाथ शर्मा को पोल पर चढ़ाया गया होता तो शायद यह मौत टल गई होती। वैसे नियमतः अकुशल कुली को पोल पर नहीं चढ़ाया जा सकता।

**एक्सईएन ने कहा**- मौके पर पहुँचे एक्सईएन अमित कुमार धर्मा ने बताया कि मृतक के परिजन 7:50 लाख रुपया कंपनसेशन और पत्नी को नौकरी की मांग कर रहे थे जिसमें से 7:30 लख रुपए की मांग मान ली गई है और पत्नी को दे दिया गया है। नौकरी के संदर्भ में उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों से बात कर नियमानुसार जो संभव होगा वह किया जाएगा। एक्सईएन ने बताया कि इस घटना के संदर्भ में दो सदस्य टीम गठित कर घटना की जांच कराई जा रही है घटना का जो भी जिम्मेदार होगा उसे पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर विद्युत मजदूर संगठन के खंडीय उपाध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव, अध्यक्ष उदयभान दुबे, राहुल कुमार, वेद प्रकाश राय समेत संगठन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## भीषण सड़क दुर्घटना में एक की दर्दनाक मौत दो गंभीर रूप से घायल

प्रखर महराजगंज/ बृजमनगंज। स्थानीय बृजमनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा फुलमनहा टोला ईसरीवर मे स्कूटी सवार तीन छात्रों की ओवरलोड सवारी बस से हुई भीषण टक्कर मे एक छात्र की मौके पर हुई दर्दनाक मौत तथा दो गंभीर रूप से घायल।स्कूटी के उड़े परखच्चे। स्थानीय लोगों के सहयोग से 108 नंबर एंबुलेंस को फोन कर तथा पुलिस को सूचना दिया गया। घटनास्थल पर स्थानीय बृजमनगंज पुलिस फोर्स पहुंचकर शव का शिनाख्त करने पर तीनो छात्र आलमाईटी पब्लिक स्कूल बृजमनगंज के निकले।घटना की सूचना पर स्कूल प्रबंधक महमूद आलम के प्रयास से निजी साधन द्वारा घायल छात्रों को सीएचसी बनकटी भिजवाया गया।मृतक छात्र के शव को पुलिस कस्टडी में लेकर एंबुलेंस द्वारा सीएचसी बृजमनगंज पहुंच अग्रीम कार्यवाही में जुटी।इस घटना को सुनते ही घटना स्थल पर हजारों लोगों की भीड़ जुट गई।इस दुर्घटना से क्षेत्र के लोगों मे सनसनी फैल गई।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रो. बी. राम, नेसा फैलोशिप ऑफ द ईयर अवार्ड-2023 से सम्मानित



प्रखर जखनियां (गाजीपुर)। स्थानीय तहसील मनिहारी विकास खंड के चौरा गांव निवासी द्रव्यगुण विभाग चिकित्सा विज्ञान संस्थान, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष व सर सुंदरलाल चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक प्रो. बी. राम को सेंट्रल काउंसिल फॉर इंडियन रिसर्च लखनऊ द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में चिकित्सा वा शोध के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए नेसा फैलोशिप अवार्ड से सम्मानित किए जाने से क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। पूर्व प्रधान संतोष यादव,रामदरश राम कैशियर, पूर्व प्रधान भरत राम, दयाराम राम आदि ने सूखी जाहिर की है। बताते चलें कि इससे पूर्व प्रो. बी. राम को आयुर्वेद भूषण अवार्ड, इंडियन अचीवर अवार्ड, आउटस्टैंडिंग फैकल्टी ऑफ द ईयर अवार्ड, एशियाज टॉप 50 एकेडमीशियन और रिसर्च अवार्ड वा एकेडमीक एक्सिलेंस जैसे दर्जनों प्रतिष्ठित अवार्ड मिल चुके हैं। पूर्व मंत्री नगीना यादव ने कहा कि प्रो राम जनपद के युवाओं के लिए एक मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत है।

### पास्को एक्ट के आरोपी को नंदगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक निर्देश व अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी भुडकुडा के कुशल पर्यवेक्षण में देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वाहन व रोकथाम जुर्म जरायम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को थानाध्यक्ष मय हमराह के वांछित अभियुक्तगण के घर व मिलने के सम्भावित स्थानों पर दबिश दिया जा रहा था कि मुखबिर खास की सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 205/2023 धारा 376,504,506 भादवि व 5/6 पाक्सो एक्ट में नामित अभियुक्त चंदन गोंड पुत्र श्रवण गोंड निवासी ग्राम करैला सहेड़ी थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर उम्र करीब 25 वर्ष को सहेड़ी तिराहे से गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण कर नियमानुसार मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला कारागार भेजा जायेगा । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, आरक्षी अंकित सिंह, आरक्षी आकाश शुक्ला, कांस्टेबल सुनील कुमार शामिल रहे।

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत दशाश्वमेध घाट से ललिता घाट तक चला स्वच्छता अभियान

प्रखर वाराणसी। 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट के दिशा निर्देश में 95 बटालियन एवं सृजन सामाजिक विकास न्यास तथा नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था गंगा जी को स्वच्छ एवं अविरल बनाए रखना तथा दर्शनार्थियों और नागरिकों पुजारियों को जागरूक करना तथा साथ में गंगा हरितिमा अभियान के ब्रांड एंबेसडर अनिल कुमार सिंह के ग्रीन गंगा क्लीन गंगा के तहत दशाश्वमेध घाट से लेकर ललिता घाट तक स्वच्छता अभियान चलाकर नाविकों मल्लाहों दुकान दारो एवं पर्यटकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया जिसमें मुख्य रुप से 95 बटालियन सीआरपीएफ,सृजन सामाजिक विकास न्यास नगर निगम एवं गंगा समग्र ने मिलकर 95बटालियन के कमांडेंट अनिल कुमार बृक्ष के मार्गदर्शन में सीआरपीएफ के निरीक्षक दिनेश यादव, प्रवीन सिहं, राजकुमार, सुबेदार सिंह, कपिंजल यादव एवं तमाम जवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया गुरुवार पांचवें दिन दशाश्वमेध घाट से लेकर ललिता घाट तक स्वच्छता करा कर जागरुकता अभियान चलाया गया जिसमें नगर निगम के इन्स्पेक्टर प्रदीप कुमार वर्मा की पूरी टीम ने पूरी सिद्त के साथ कार्य किया जिसके लिए सभी बधाई के पात्र है।

### भाकपा ब्लाक कमेटी जखनिया की बैठक धर्मागतपुर में हुई संपन्न

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गुरुवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ब्लॉक कमेटी जखनिया की बैठक धर्मागतपुर मैं कामरेड राजेंद्र जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में कामरेड राम जन्म ब्लॉक मंत्री ने विस्तार से ब्रांच की गतिविधि के विषय में रिपोटिंग पेश की और जिला पार्टी के निर्देश पर जखनियां ब्लाक कमेटी को 30000 का फंड इकट्ठा कर पार्टी की सदस्यता नवीनीकरण कराकर 25 जनवरी तक चार्ट सहित पैसा जिला को जमा करना है इस पर विस्तार से सभी कामरेड साथीयो ने गहन चर्चा किया। ब्लॉक कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड जनार्दन राम ने कहा कि आज देश गंभीर चुनौतियों से गुजर रहा है हमारे देश में एनडीए सरकार के खिलाफ इंडिया गठबंधन की जो शक्ल बनी थी वह पांच राज्यों के चुनाव में कहीं ना कहीं कांग्रेस पार्टी की वजह से एकता ना बनने के कारण थोड़ी सी निराशा जरूर हुई है लेकिन पूरे देश में इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल उत्साहित होकर अभी जल्द बैठक करने वाले है जिसमें 2024 के लोकसभा चुनाव को एनडीए को परास्त करने के लिए इंडिया गठबंधन के सभी दल एक जुट होकर सीट शेयरिंग का काम करेंगे ताकि देश में भारतीय संविधान लोकतंत्र धर्मनिरपेक्षता श्रम नीति किसान मजदूर नौजवान छात्र सभी के अधिकारों को सुरक्षित रखा जा सके नहीं तो आने वाला समय आरएसएस कॉर्पोरेट पूजी पतियों के गठजोड़ का दमनकारी नीति के साथ भारतीय ताने-बाने को बर्बाद कर देगा बैठक में यह फैसला किया गया कि 15 दिसंबर से 30 दिसंबर तक कामरेड राम अवध पदमपुर ब्रांच का नवीनीकरण एवं फंड का कार्य संपन्न कराएंगे दूसरा कामरेड फूलमैन धर्मागतपुर ब्रांच का नवीनीकरण एवं फंड का कार्य संपन्न करेंगे तीसरा कामरेड राम जन्म जलालाबाद ब्रांच का नवीनीकरण एवं फंड का कार्यक्रम चलाएंगे बैठक में आगे यह तय हुआ कि ब्लॉक कमेटी के सभी साथी 16 दिसंबर को जखनिया एसडीएम से मिलकर धर्मागतपुर में किए गए आंदोलन के संदर्भ में चर्चा करेंगे समय रहते हुए एसडीएम निराकरण नहीं करेंगे तो हम जखनियां तहसील पर बड़ा आंदोलन करने के लिए बात होंगे और जलालाबाद यूनियन बैंक का मैनेजर से मिलकर सभी पार्टी के नेता वार्ता करेंगे की केसीसी में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार कायम है इसको दूर किया जाए नहीं तो बड़ा आंदोलन पार्टी करेगी।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं